www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 28.c

27.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 102.705g

चांदी 113,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 ट्रंप का विचित्र रवैया, भारत के लिए कूटनीतिक कौशल दिखाने का समय

बाढ़ को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी 04

वर्ष :09 अंक :51 मुंबई ,सोमवार , 11 अगस्त 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

### हाथरस में ट्यूबवेल पर नहाते समय दो सगे भाइयों की करंट लगने से मौत

हाथरस जिले के सादाबाद थाना क्षेत्र के गढ़ी राधे गांव में ट्यूबवेल पर नहाते समय करंट लगने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे उस समय की है जब योगेश (38) और उसका बड़ा भाई हीरेश (45) अपने खेत में ट्यूबवेल पर नहा रहे थे। उसने बताया कि नहाने के बाद योगेश बिजली के तार के संपर्क में आ गया और उसे संकट में देखकर हीरेश मदद के लिए दौड़ा, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गया। पुलिस ने बताया कि दोनों अचेत हो गए और ग्रामीणों ने उन्हें सादाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अमित पाठक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अवैध संबंधों को लेकर युवक की हत्या, आरोपी दंपति गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में अवैध संबंधों को लेकर एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को एक दंपति को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चंदौसी थाना क्षेत्र के लक्ष्मण गंज स्थित वारिस नगर में रविवार सुबह अनीस (25) नामक युवक की हत्या की सूचना मिली थी। श्रीवास्तव के मुताबिक, मामले की जांच-पड़ताल के दौरान रईस (40) और उसकी पत्नी सितारा (35) पर हत्या की वारदात को अंजाम देने का शक हुआ। उन्होंने बताया कि दंपति को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें दोनों ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया। श्रीवास्तव के अनुसार, गिरफ्तार दंपति ने पूछताछ में बताया कि अनीस के अपने पड़ोस में रहने वाले रईस की पत्नी सितारा से नाजायज रिश्ते थे। अनीस शनिवार देर रात करीब एक बजे चोरी-छिपे रईस के घर में घुसा था। इसके बाद रईस और सितारा ने उसे बेरहमी से पीटा। उन्होंने बताया, अनीस देर रात करीब दो बजे खून से लथपथ हालत में अपने घर लौटा। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। श्रीवास्तव ने बताया कि अनीस के पिता मुस्तकीम का आरोप है कि उसके बेटे ने रईस को करीब सात लाख रुपये उधार दिए थे, जिन्हें वापस मांगने पर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना के सिलसिले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, जल्द तीसरे नंबर पर पहुंचेंगे:पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी को दी बड़ी सौगात, तीन वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, येलो मेट्रो लाइन का किया उद्घाटन

**सौगात**

पीएम मोदी ने कहा कि आज बेंगलुरु मेट्रो येलो लाइन का शुभारंभ हुआ है। मेट्रो फेज-3 आधारशिला भी रखी गई है। साथ ही देश के अलग अलग हिस्सों के लिए तीन नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई गई है। बेंगलुरु से बेलगावी के बीच वंदे भारत की सेवा शुरू हुई है। इससे बेलगावी के व्यापार और टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा नागपुर से पुणे और श्री माता वैष्णो देवी कटरा से अमृतसर के बीच भी वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू हुई है।

एजेंसी

बेंगलुरु ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15,610 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो फेज-3 परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना की कुल लंबाई 44 किलोमीटर से अधिक होगी और इसमें 31 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है। बेंगलुरु को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर... जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर... जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बेंगलुरु को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी मानचित्र पर गर्व से स्थापित किया है। बेंगलुरु की उल्लेखनीय सफलता की कहानी के पीछे प्रेरक शक्ति इसके लोगों की असाधारण प्रतिभा और सरलता है। बीते समय में बेंगलुरु के लिए भारत सरकार की ओर हजारों करोड़ रुपए की योजनाएं शुरू की गई हैं। आज इस अभियान को नई गति मिल रही है। आज बेंगलुरु मेट्रो येलो लाइन का शुभारंभ हुआ है।

मेट्रो फेज-3 आधारशिला भी रखी गई है। साथ ही देश के अलग अलग हिस्सों के लिए तीन नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई गई है। बेंगलुरु से बेलगावी के बीच वंदे भारत की सेवा शुरू हुई है। इससे बेलगावी के व्यापार और टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा नागपुर से पुणे और श्री माता वैष्णो देवी कटरा से अमृतसर के बीच भी वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू हुई है।




मेट्रो उद्घाटन के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तारित बेलगावी-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो सप्ताह में छह दिन चलेगी और सुबह 5:20 बजे बेलगावी से रवाना होगी तथा दोपहर 1:50 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। वापसी में इसकी यात्रा दोपहर 2:20 बजे शुरू होगी। इस सेवा से बेंगलुरु, तुमकुरु, दावणगेरे, हावेरी, हुबली, धारवाड़ और बेलगावी के बीच संपर्क बढ़ने की उम्मीद है।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पहली बार भारत का नया चेहरा देखा': प्रधानमंत्री मोदी

बेंगलुरुः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे भारतीय प्रौद्योगिकी और मेक इन इंडिया पहल का हाथ है. जिसने कुछ ही घंटों में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया. उन्होंने कहा कि दुनिया ने पहली बार ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत का नया चेहरा देखा, जब उसने पाकिस्तान के भीतर आतंकी ठिकानों को नष्ट करने में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बेंगलुरु में कई परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे. यहां मेट्रो फेज-3 परियोजना के शिलान्यास समारोह में कहा, दुनिया ने पहली बार ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत का नया चेहरा देखा, जहां भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें नष्ट करने और कुछ ही घंटों में पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर करने की क्षमता का प्रदर्शन किया.

# 'वोट चोरी' के खिलाफ राहुल गांधी का नया अभियान

राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के खिलाफ नया अभियान शुरू किया है, जिसमें उन्होंने चुनावों में होने वाली कथित गड़बड़ियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पारदर्शी डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करने की मांग करते हुए एक वेबसाइट और मिस्ड कॉल नंबर लॉन्च कर जनता से समर्थन मांगा है।

एजेंसी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव में होने वाली कथित गड़बड़ियों के खिलाफ एक नई मुहिम शुरू की है, जिसका नाम 'वोट चोरी' है। इसी सिलसिले में उन्होंने आज एक वेबसाइट लॉन्च की और लोगों से इस कैंपेन से जुड़ने की अपील की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 'वोट चोरी' 'एक व्यक्ति, एक वोट' के लोकतांत्रिक सिद्धांत पर सीधा हमला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए एक साफ-सुथरी मतदाता सूची बेहद जरूरी है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से पारदर्शिता की मांग करते हुए कहा कि वह डिजिटल मतदाता सूची को सार्वजनिक करे, ताकि जनता और राजनीतिक दल खुद इसका ऑडिट कर सकें।

### राहुल गांधी के कैंपेन से कैसे जुड़ें?

इस मुहिम का समर्थन करने के लिए राहुल गांधी ने दो तरीके बताए हैं। लोग http:// votechori. in/ ecdemand वेबसाइट पर जा सकते हैं, या फिर 9650003420 पर मिस्ड कॉल दे सकते हैं। उन्होंने इसे 'लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई' बताया। अमित मालवीय का राहुल पर हमला मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा, 'हमें अभी भी नहीं पता कि राहुल गांधी कब घोषणापत्र/शपथ के तहत उन अयोग्य मतदाताओं के नाम प्रस्तुत करेंगे जिनके बारे में उनका दावा है कि वे मतदाता सूची में हैं।' उन्होंने कहा कि यह मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 20(3)(बी) के तहत अनिवार्य है।

## वेबसाइट लॉन्च कर जनता से मांगा समर्थन




### राहुल गांधी की 'वोट चोरी' वेबसाइट पर संग्राम, बीजेपी बोली- 'नासमझ' हैं कांग्रेस सांसद

राहुल गांधी की 'वोट चोरी' वेबसाइट पर भाजपा ने उन्हें 'नासमझ' बताया, वहीं अमित मालवीय ने तकनीकी अज्ञानता के आरोप लगाए। चुनाव आयोग ने भी उनके 'भ्रामक' दावों पर सख्त प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी से या तो आरोपों पर शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने या देश से माफी मांगने को कहा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'वोट चोरी' अभियान और वेबसाइट लॉन्च करने पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी प्रवक्ता अमित मालवीय ने राहुल गांधी को 'नासमझ' बताते हुए उनके इस कदम पर निशाना साधा। मालवीय ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी दल 'तकनीकी डायनासोर' हैं। उन्होंने राहुल गांधी के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि उन्हें एक विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का विश्लेषण करने में 30 दिन लगे

# कांग्रेस का केंद्र से सवाल.....

## सरकार संसद में निर्वाचन आयोग के कामकाज पर चर्चा के लिए तैयार क्यों नहीं

संसद ने वर्षों से कई बार निर्वाचन आयोग के आचरण और चुनावी सुधारों पर विचार-विमर्श किया है। आइए, इतिहास को देखें। राज्यसभा में 1957 से ही निर्वाचन आयोग और चुनावी सुधारों पर चर्चा होती रही है, जिसमें शामिल हैं: चुनाव नियमों को निरस्त करना, चुनावों का पुनर्निर्धारण और स्थगन, 1970, 1981, 1986, 1991 और 2015 में चुनाव सुधारों पर बहस, धनबल के उपयोग और कानूनों में संशोधन की तत्काल जरूरत।

एजेंसी




नई दिल्ली। शनिवार को कांग्रेस ने सरकार से सवाल किया कि वह निर्वाचन आयोग के कार्यों पर संसद में बहस के लिए क्यों तैयार नहीं है, जबकि पहले की सरकारों ने दोनों सदनों में इस विषय पर चर्चा की अनुमति दी थी। कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने कई पुरानी घटनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग के सुधारों और चुनावों में धन के दुरुपयोग पर पहले भी बहस हो चुकी है। टैगोर ने सवाल उठाया, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू निर्वाचन आयोग के कामकाज पर संसदीय चर्चा की अनुमति देने से क्यों हिचक रहे हैं? कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लोकसभा में सांसदों ने बार-बार ये मुद्दे उठाए हैं: चुनाव सुधार (1981, 1983, 1986, 1990, 1995, 2005), बिहार और त्रिपुरा में चुनाव स्थगन, फोटो पहचान पत्र जारी करना, धांधली की जांच और विदेशी धन के आरोप। टैगोर ने बताया कि 1993 में चुनाव स्थगित करने जैसे मुख्य निर्वाचन आयुक्त के महत्वपूर्ण फैसलों पर भी दोनों सदनों में खुलकर चर्चा हुई थी।

# 'कुछ लोग खुद को दुनिया का बॉस समझते हैं'.....

## टैरिफ वॉर के बीच राजनाथ सिंह का ट्रंप पर तगड़ा प्रहार

एजेंसी

रक्षा मंत्री ने कहा, जहां तक रक्षा क्षेत्र की बात है, आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की रक्षा वस्तुओं का निर्यात कर रहे हैं। यह भारत की ताकत है, यह नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है और निर्यात निरंतर बढ़ रहा है।

रायसेन। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैरिफ वॉर के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तगड़ा प्रहार करते हुए रविवार को कहा कि कुछ लोग हैं, जिनको भारत का विकास पसंद नहीं आ रहा है। वे खुद को ही दुनिया का बॉस समझ बैठे हैं। उनको समझ नहीं आ रहा है कि भारत कैसे इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजनाथ ने मध्य प्रदेश में रायसेन जिले के उमरिया गांव में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) की रेल कोच इकाई की आधारशिला रखते हुए ये बातें कहीं। यह ग्रीनफील्ड रेल मैन्युफैक्चरिंग सुविधा देश में आधुनिक रोलिंग स्टॉक (वे सभी वाहन, जो रेलवे ट्रैक पर चलते हैं) के निर्माण के लिए स्थापित की जाएगी। इस परियोजना का नाम बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग रखा गया है और इसकी प्रारंभिक उत्पादन क्षमता 125 से 200 कोच प्रतिवर्ष होगी, जिसे पांच वर्षों में बढ़ाकर 1,100 कोच प्रतिवर्ष किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।



### निजी स्कूलों में फीस के विनियमन से संबंधित विधेयक से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी: गुप्ता

दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में प्रत्येक बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध है और निजी स्कूलों में फीस को विनियमित करने के लिए हाल में पारित विधेयक से संस्थान अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेंगे।

एजेंसी



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में प्रत्येक बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध है और निजी स्कूलों में फीस को विनियमित करने के लिए हाल में पारित विधेयक से संस्थान अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेंगे। गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में पारित किए गए दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, 2025 का उद्देश्य मनमानी फीस वृद्धि को रोकना और निजी स्कूलों को वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों समेत समाज के सभी वर्गों के बच्चों के लिए सुलभ बनाना है।


### दुनिया झुकती है ,झुकाने वाला चाहिए :गडकरी

#### हम कई समस्याओं का सामना कर रहे; विश्वगुरु बनना है तो इम्पोर्ट कम और एक्सपोर्ट बढ़ाना होगा

गडकरी ने ये भी कहा- सबसे बड़ी राष्ट्रभक्ति यह हो सकती है कि हम इम्पोर्ट को कम करें और एक्सपोर्ट को बढ़ाएं। विश्वगुरु बनने के लिए यह जरूरी है। उन्होंने बताया कि दुनिया की सभी समस्याओं का उपाय साइंस, टेक्नोलॉजी और नॉलेज है। अगर हम नॉलेज और पावर का इस्तेमाल करेंगे तो दुनिया के सामने झुकना नहीं पड़ेगा।

एजेंसी

नागपुर ,केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में अभी जिन विषयों पर चर्चा हो रही, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता। विश्व में हम अनेक तरह की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि दुनिया झुकती है, बस झुकाने वाला चाहिए। गडकरी शनिवार को नागपुर में स्थित विश्वेश्वरैया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने ये बातें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के ऐलान के 3 दिन बाद कही हैं। ट्रम्प का 25% अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। अब भारत पर कुल 50% टैरिफ लगेगा।



#### गडकरी बोले- कुछ देश दुनिया में दादागिरी कर रहे

गडकरी ने कहा, 'आर्थिक रूप से संपन्न होने की वजह से दुनिया में कुछ देश दादागिरी कर रहे हैं। उनके पास टेक्नोलॉजी है। अगर हमारे पास उनसे अच्छी टेक्नोलॉजी और रिसोर्स आएंगे तो हमें दादागिरी नहीं करनी है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के बाद कर्नाटक के लिए रेल बजट नौ गुणा बढ़ा दियाः अश्विनी वैष्णव

वैष्णव ने कहा, ग्यारह साल पहले, कोई सोच भी नहीं सकता था कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की मजबूत नींव रखने के प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से कर्नाटक समेत पूरे देश को लाभ हुआ है।

एजेंसी



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि कर्नाटक का रेल बजट 2014 से पहले के 835 करोड़ रुपये से बढ़कर नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 7,500 करोड़ रुपये हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन को हरी झंडी दिखाये जाने के बाद वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा, कर्नाटक जैसे महत्वपूर्ण राज्य को 2014 से पहले केवल 835 करोड़ रुपये मिल रहे थे। मोदी की बदौलत अब उसे 7,500 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। साथ ही, कर्नाटक में 54,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। हम अमृत भारत योजना के तहत राज्य में 61 स्टेशनों का पुनर्विकास कर रहे हैं।

विवाद

## कल्याण बनर्जी ने महुआ मोइत्रा को बताया 'निम्न स्तर' का

# टीएमसी नेताओं के बीच नहीं थम रहा विवाद

एजेंसी




टीएमसी में कलह बढ़ती जा रही है, जहाँ कल्याण बनर्जी ने महुआ मोइत्रा को 'निम्न स्तर' का बताया है। यह दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद का नवीनतम अध्याय है, जिसकी शुरूआत बनर्जी की शादी पर टिप्पणी और मोइत्रा के उन्हें 'सुअर' कहने से हुई थी। इस व्यक्तिगत हमले के बाद बनर्जी ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा भी दे दिया था।

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कल्याण बनर्जी ने एक बार फिर पार्टी की सहयोगी महुआ मोइत्रा पर तीखा हमला बोला है। बनर्जी ने इस बार मोइत्रा को 'निम्न स्तर' का बताया है। दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद अब निजी हमलों में बदल गया है। यह विवाद तब और बढ गया जब बनर्जी ने मोइत्रा की शादी पर टिप्पणी की, जिसके जवाब में महुआ ने उन्हें 'सुअर' कहा था। पत्रकारों से बात करते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि महुआ मोइत्रा के बारे में बात करना 'समय और ऊर्जा की बबार्दी' है। उन्होंने कहा, 'वह महिला मेरे विषय से बिल्कुल भी संबंधित नहीं हैं और वह बहुत ही निम्न स्तर की हैं। उनके बारे में बात करने का कोई मतलब नहीं है।' बनर्जी ने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें मोइत्रा पर गुस्सा आया था और उन्होंने दीदी (ममता बनर्जी) से भी कुछ बातें कही थीं, जिसका उन्हें अब पछतावा है। श्रीरामपुर के सांसद ने बताया कि एक जूनियर वकील के मैसेज ने इस मामले पर उनकी सोच को बदल दिया है। उन्होंने कहा, 'एक वकील के टेक्स्ट मैसेज ने इस मामले पर मेरी धारणा बदल दी है। वह मेरे ध्यान के लायक नहीं हैं। मैंने उन पर ध्यान देकर गलती की।' दोनों का विवाद तब गहराया जब मोइत्रा ने एक पॉडकास्ट में बनर्जी को 'सुअर' कहा था। इसके बाद, कल्याण बनर्जी ने लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया और पार्टी ने काकोली घोष दस्तीदार को नया मुख्य सचेतक और शताब्दी रॉय को सदन में पार्टी का नया उपनेता नियुक्त किया।

महुआ मोइत्रा ने इंडिया टुडे के साथ एक इंटरव्यू में पिनाकी मिश्रा के साथ अपनी शादी पर बनर्जी की टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था, 'आप सुअर से कुश्ती नहीं लडते। क्योंकि सुअर को यह पसंद है और आप गंदे हो जाते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संसद में हर पार्टी में 'घोर स्त्री-द्वेषी, यौन रूप से कुंठित, भ्रष्ट पुरुष' मौजूद हैं। महुआ मोइत्रा की टिप्पणियों के बाद कल्याण बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक लंबी पोस्ट लिखी। उन्होंने कहा कि मोइत्रा द्वारा एक साथी सांसद की तुलना 'सुअर' से करना 'दुर्भाग्यपूर्ण' है और यह नागरिक संवाद के बुनियादी मानदंडों की अनदेखी है। उन्होंने आगे लिखा, 'जो लोग सोचते हैं कि गाली-गलौज से सार की जगह ली जा सकती है, उन्हें अपनी राजनीति पर गौर करना चाहिए और यह उनके खोखलेपन को उजागर करती है।'

# बिहार में डबल वोटर आईडी पर बखेड़ा, ईसी के नोटिस के बाद तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम को लपेटा



एजेंसी

तेजस्वी यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने का गंभीर आरोप लगाकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। यादव ने चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध सबूतों का हवाला देते हुए सवाल किया कि क्या आयोग सिन्हा पर भी कार्रवाई करेगा, जैसा कि उन्हें खुद नोटिस भेजा गया था। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के इस्तीफे और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है, साथ ही चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं।


नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में दो मतदाता पहचान पत्र रखने का आरोप लगाया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, तेजस्वी यादव ने सिन्हा पर आरोप लगाते हुए इसके सबूत भी पेश किए। यह आरोप तब सामने आया है जब हाल ही में निर्वाचन आयोग ने खुद तेजस्वी यादव को दो मतदाता पहचान पत्र रखने के आरोप में नोटिस भेजा था। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं, जिनमें से एक में उनकी उम्र 57 साल और दूसरे में 60 साल बताई गई है। उन्होंने कहा कि यह जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट और नई मतदाता सूची में भी उपलब्ध है, जिसे सभी दलों के जिला अध्यक्षों को दिया गया है। तेजस्वी यादव ने कहा, 'केवल दो ही बातें हो सकती हैंः या तो चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (रकफ) की पूरी प्रक्रिया ही फर्जी है या फिर बिहार के उपमुख्यमंत्री फर्जी हैं।' तेजस्वी यादव ने पटना और लखीसराय जिला प्रशासन के साथ-साथ चुनाव आयोग से सवाल किया है कि क्या वे विजय सिन्हा को नोटिस भेजेंगे और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करेंगे।

## सम्पादकीय

# आतंकरोधी अभियान, आतंकियों और उनके समर्थकों की कमर तोड़ना बाकी

कश्मीर के कुलगाम के घने जंगलों में आतंकियों के खिलाफ सेना एवं सुरक्षाबलों के अभियान का नौवें दिन भी जारी रहना यह बताता है कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों की कमर तोड़ना अभी भी शेष है। यह काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए, क्योंकि यह सामान्य बात नहीं कि कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ नौ दिन तक अभियान चलाना पड़े और फिर भी उनका अंत न हो। इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि कश्मीर के इस सबसे लंबे आतंकरोधी अभियान में हमारे दो सैनिकों को अपना सर्वोच्च बलिदान देना पड़ा। राष्ट्र इनका सदैव ऋणी रहेगा। ऐसे सर्वोच्च बलिदान का स्मरण रखने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि आतंकी किसी भी तरह हमारे जवानों को क्षति न पहुंचाने पाएं। कुलगाम के जंगलों में आतंकियों के खिलाफ जिस दिन अभियान शुरू किया गया, उसी दिन एक आतंकी को मार गिराया गया था। शेष बचे आतंकी इतने दिनों तक सेना एवं सुरक्षाबलों का सामना करने में चाहे जिन कारणों से सफल रहे हों, उनका समूल नाश किया जाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी के साथ यदि यह साबित होता है कि कुलगाम के दुर्गम इलाके में छिपे आतंकी पाकिस्तान से आए थे अथवा इन आतंकियों के पीछे पाकिस्तान का सहयोग और समर्थन है तो सरकार एवं सेना को यह बताने-स्मरण कराने की आवश्यकता नहीं कि आपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं। पाकिस्तान को नए सिरे से और कठोर सबक सिखाने की तैयारी की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त भारत को विश्व समुदाय को यह भी बताना चाहिए कि आपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान के खिलाफ अब तक की कठोरतम कार्रवाई के बाद भी उसके होश ठिकाने नहीं आए हैं। पाकिस्तान की हरकतों के लिए परोक्ष रूप से ही सही, विश्व के प्रमुख राष्ट्रों और विशेष रूप से अमेरिका को कठघरे में खड़ा करने में संकोच नहीं किया जाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को तो खास तौर पर यह याद दिलाना चाहिए कि वह जिस पाकिस्तान की तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं, वह आतंक का गढ़ और भारत के लिए खतरा बना हुआ है। हो सकता है कि ट्रंप जिहादी सोच वाले और पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर को आगे भी अमेरिका बुलाकर भोज कराना पसंद करें, लेकिन भारत को यह तो कहना ही चाहिए कि उसने यह तय कर लिया है कि किसी भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले को युद्ध की तरह देखेगा और प्रतिकार करेगा। यह सही समय है कि भारत सरकार कश्मीर में आतंकियों के खुले-छिपे समर्थकों के खिलाफ भी और अधिक सख्त हो।

## आज का विचार







**मेष राशि** : कार्यक्षेत्र में आप किसी बात को लेकर चिंतित रह सकते हैं। लेकिन वह व्यर्थ हो सकती है। अगर आपका पैसा या कोई काम बीच में अटका था तो अब सारी अड़चनें दूर हो सकती हैं। लेकिन आपको किसी पर भी भरोसा करने या वादा करने से बचना होगा। अन्यथा आपका कोई फायदा उठा सकता है। ऐसे में सावधानी से कोई भी काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृषभ राशि** : व्यापार के मामले में आपके ऊपर कुछ ज्यादा जिम्मेदारियां आ सकती हैं। वहीं, नौकरी करने वालों पर भी किसी नए काम की जिम्मेदारी आ सकती है। ऐसे में आप पूरा दिन व्यस्त रहेंगे। घर-परिवार से जुड़े भी कुछ काम आपके लिए बढ़ सकते हैं। लेकिन किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके काम आ सकती है।

**मिथुन राशि**: कार्यक्षेत्र में आपको कोई उत्तरदायित्व वाला कार्य करना पड़ सकता है। ऐसे में सोच-समझकर कोई भी फैसला लें और जल्दबाजी से बचें। किसी यात्रा के दौरान या कहीं जाते समय आपकी मुलाकात किसी प्रियजन से हो सकती है, जो आपकी मदद भी कर सकता है।

**कर्क राशि** : आपको कार्यक्षेत्र में कोई भी काम जरूरत से ज्यादा उत्साह में आकर करने से बचना होगा। ऐसा करने से कोई बड़ी गलती होने की संभावना है। जल्दबाजी में या बिना सोचे-समझे फैसले लेने से आपके काम बिगड़ सकते हैं। आपको कुछ फैसले दूसरों के बारे में भी सोचकर लेने होंगे। परिवार के मामले में दिन सामान्य रहेगा।

**सिंह राशि**: कार्यस्थल पर आपको अपने आसपास हर काम पर कड़ी नजर रखनी होगी। लापरवाही करने से कोई महत्वपूर्ण काम गलत हो सकता है। ऐसे में चारों तरफ निगरानी रखना जरूरी होगा। बिजनेस में कोई विरोधी आपके खिलाफ रणनीति बना सकता है।

**कन्या राशि**: कन्या राशि करियर राशिफल : कार्यक्षेत्र में बदलाव से होगा लाभकार्यक्षेत्र में आपको कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं। ऐसा करने से लाभ कमाने के अवसर प्राप्त होंगे और सहकर्मियों का सहयोग भी मिल सकता है।

**तुला राशि**: अगर आप कामकाज को लेकर किसी उलझन में फंसे हुए हैं, तो उसके बारे में सोच-समझकर सही निर्णय लेना जरूरी होगा। इसे लेकर आप किसी अनुभवी व्यक्ति या मित्रों की सलाह भी ले सकते हैं। लेकिन जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचें।

**वृश्चिक राशि** :जो लोग किसी नई नौकरी की तलाश कर रहे हैं या अपना नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, उन्हें किसी का सहयोग मिलने से लाभ मिल सकता है। अगर आप आसपास के किसी व्यक्ति की मदद लेते हैं, तो इससे मुश्किल आसान हो सकती है। व्यापार के मामले में आपको अपने जरूरी कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, तभी लाभ कमाने के अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु राशि** : कार्यक्षेत्र में आपको अपने जरूरी कार्यों को पूरा करने के लिए मेहनत करनी होगा। धीमी गति से काम करने से आपके महत्वपूर्ण कार्य देरी से हो सकते हैं, जिससे नुकसान की संभावना है। कार्यस्थल पर पीछे रहने से आपका सुनहरा अवसर कोई प्राप्त कर सकता है।

**मकर राशि** : अगर कार्यक्षेत्र में कामकाज को लेकर आपने कोई योजना बनाई थी, तो उसे अब पूरा करना पड़ सकता है। व्यापार के मामले में आपको महत्वपूर्ण कार्यों को लंबा खींचने से बचना होगा, अन्यथा मुसीबत और खर्च दोनों बढ़ सकते हैं।

**कुंभ राशि** : लंबे समय बाद अब आपके कामकाज करने के तरीके में बदलाव आ सकता है, जिससे कार्यक्षेत्र में कई परिवर्तन देखने को मिलेंगे। अगर आपको कोई नया पद या जिम्मेदारी मिल रही है

**मीन राशि**: कामकाज के सिलसिले में आपको किसी यात्रा या कार्यक्रम में जाना पड़ सकता है। ऐसे में आपका साधारण तरीके से जाना बेहतर रहेगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# ट्रंप का विचित्र रवैया, भारत के लिए कूटनीतिक कौशल दिखाने का समय

> ट्रंप के भारत विरोधी रवैये ने हमारे समक्ष एक अवसर खड़ा कर दिया है। आगे चलकर ट्रंप के टैरिफ युद्ध की चपेट में कुछ और देश भी आ सकते हैं। जो भी हो भारत के लिए यही उचित है कि वह यह स्पष्ट करता रहे कि वह उनके आगे नहीं झुकेगा। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिका के कृषि और डेरी उत्पादों के लिए अपने बाजार खोल दे।

पा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व व्यापार संगठन यानी डब्ल्यूटीओ और अपने मित्र देशों के नेताओं तथा अर्थशास्त्रियों के तर्कों को दरकिनार कर पहले भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और फिर रूस से तेल खरीदने को तूल देकर और इतने ही प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। अब उन्होंने भारत के साथ होने वाली व्यापार वार्ता से किनारा करने की भी बात कह दी। इस वार्ता के लिए एक अमेरिकी दल इसी माह के अंत में दिल्ली आने वाला था। ट्रंप की चिढ़ का मूल कारण भारत-पाकिस्तान के बीच तथाकथित संघर्ष विराम कराने के उनके दावे पर भारत का सहमत न होना है। वे अपने इस फर्जी दावे को कई बार दोहरा चुके हैं कि आपरेशन सिंदूर इसलिए थमा, क्योंकि उन्होंने दखल दिया था और दोनों देशों को एक बड़े युद्ध से बचाया था। भारत उनके दावे को सही नहीं मान रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में साफ कर दिया कि आपरेशन सिंदूर रोकने के बारे में विश्व के किसी भी नेता ने कुछ नहीं कहा। इसके बाद ट्रंप और अधिक बौखला गए और अब वे भारत के खिलाफ न केवल टैरिफ बढ़ाते जा रहे हैं, बल्कि वर्षों की मेहनत से बनाए गए दोनों देशों के संबंधों को नष्ट करने का भी काम कर रहे हैं। उनके दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद जब प्रधानमंत्री मोदी वाशिंगटन गए थे तो दोनों नेताओं ने यह तय किया था कि एक अंतरिम व्यापार समझौता शीघ्र कर लिया जाएगा,



लेकिन अब भारत से चिढ़े हुए ट्रंप पाकिस्तान की तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने भारत को चिढ़ाने के मकसद से ही पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर को अमेरिका बुलाकर भोज कराया और उनकी तारीफ भी की। इसके बदले में मुनीर ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार देने की जरूरत जताई। पता नहीं उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलेगा या नहीं, लेकिन यह साफ है कि वे यह पुरस्कार पाने के लिए कुछ ज्यादा ही बेचैन हैं। इसका एक प्रमाण यह है कि वे विभिन्न देशों के छोटे-बड़े टकराव को रोकने के लिए मध्यस्थता करते रहते हैं। वे अपने को शांति का मसीहा साबित करने पर तुले हैं, लेकिन सब जानते हैं कि रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने में नाकाम हैं। ट्रंप अपनी खीझ निकालने के लिए यह कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीद कर यूक्रेन युद्ध में रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मदद कर रहा है। ट्रंप भारत को टैरिफ किंग बताकर अपनी शर्तों के हिसाब से व्यापार समझौता करना चाहते हैं और दबाव बनाने के लिए रूस से तेल खरीद को तूल देने में लगे हुए हैं। उन्हें यह पता होना चाहिए कि रूस भारत को तेल बेचे बगैर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रख सकता है, क्योंकि वह चीन के साथ अन्य देशों को भी तेल बेच रहा है और यह किसी से छिपा नहीं कि ट्रंप का चीन पर कोई जोर नहीं चल पा रहा है। सच तो यह है कि जो ट्रंप भारत पर रूस से तेल खरीदने का आरोप लगा रहे हैं, वे यह नहीं देखना चाहते कि खुद अमेरिका उससे यूरेनियम और उर्वरक खरीद रहा है। इसके अतिरिक्त तथ्य यह भी है कि यूरोपीय देश रूस से गैस खरीद रहे हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि ट्रंप के दोहरेपन को दुनिया के कई जाने-माने लोगों के साथ-साथ खुद उनके देश के लोग बेनकाब कर रहे हैं। ट्रंप की दोहरी नीतियों और मनमाने फैसलों से पूरा विश्व परेशान है। अब तो विश्व के प्रमुख देश इस नतीजे पर पहुंच रहे हैं कि जैसे-तैसे ट्रंप के शेष कार्यकाल को झेलना पड़ेगा। अभी ट्रंप ने फार्मा और आइटी कंपनियों को टैरिफ वार से मुक्त कर रखा है, लेकिन भारत को यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि उनकी निगाहें इन कंपनियों पर टेढ़ी नहीं होंगी। मनमानापन दिखा रहे ट्रंप कुछ भी कर सकते हैं। अब तो यह भी स्पष्ट हो रहा है कि वे भारत की आर्थिक एवं सैन्य शक्ति बढ़ती हुई नहीं देखना चाहते और इसीलिए उस पाकिस्तान को पुचकार रहे हैं, जो अमेरिका को कई बार धोखा दे चुका है। ट्रंप के विचित्र रवैये को देखते हुए भारत के लिए आवश्यक है कि वह अपने कूटनीतिक कौशल के जरिये उनसे पार पाने की और कारगर रणनीति बनाए। अच्छा होता कि भारत दूसरी बार राष्ट्रपति बने ट्रंप के बदले रवैये को देखते हुए कूटनीतिक चतुराई दिखाता और उनके अहं को तुष्ट करने के बारे में सोचता। तब शायद ट्रंप इतना गर्जन-तर्जन नहीं कर रहे होते और अमेरिका से अंतरिम व्यापार समझौता भी हो गया होता। इस पर विचार होना चाहिए कि क्या ट्रंप के मामले में आवश्यक कूटनीतिक चतुराई नहीं दिखाई जा सकी? अब तो कूटनीतिक कौशल पर ही ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके साथ ही भारत को अपने उद्योगों की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने पर भी जोर देना होगा। ट्रंप के भारत विरोधी रवैये ने हमारे समक्ष एक अवसर खड़ा कर दिया है। आगे चलकर ट्रंप के टैरिफ युद्ध की चपेट में कुछ और देश भी आ सकते हैं। जो भी हो, भारत के लिए यही उचित है कि वह यह स्पष्ट करता रहे कि वह उनके आगे नहीं झुकेगा। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिका के कृषि और डेरी उत्पादों के लिए अपने बाजार खोल दे। इसके लिए मोदी सरकार बिल्कुल भी तैयार नहीं। पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेरी उत्पादकों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इन वर्गों के हितों की रक्षा के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई कीमत चुकानी पड़ी, तो वे इसके लिए तैयार हैं। यह साफ नहीं कि व्यक्तिगत नुकसान से उनका आशय क्या है, लेकिन इसकी अनदेखी न की जाए कि अमेरिका दूसरे देशों के चुनावों में दखल देता रहा है। अमेरिका से सावधान रहने के साथ भारत को अपने किसानों के हितों की रक्षा करनी होगी और इस पर भी ध्यान देना होगा कि भारतीय कृषि को आत्मनिर्भर कैसे बनाया जाए? इस मामले में सबसे बड़ी विडंबना कुछ किसान नेताओं का किसान हित विरोधी रवैया है। वे जानबूझकर कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण में रोड़ा अटका रहे हैं।

# नाराज प्रकृति की नाराजगी से भयंकर सैलाब- प्रकृति की मानवीय कृतिय के लापरवाही की चेतावनी तो नहीं?

### प्रकृति ने मानव को जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी संसाधन दिए-मानव ने अपने स्वार्थवश इन संसाधनों का दोहन किया?




प्रकृति और मानव का संबंध सदियों पुराना है। जहां एक ओर प्रकृति ने मानव को जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी संसाधन-जल, वायु,मृदा,खनिज, वन, जीव-जंतु आदि- प्रदान किए हैं, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया,महाराष्ट्र यह मानता हूं कि मानव ने अपने स्वार्थवश इन संसाधनों का दोहन किया। आज जब पृथ्वी जलवायु परिवर्तन,ग्लेशियरों के पिघलने, असमय बाढ़,सूखा,तूफान, भूकंप, भूस्खलन जैसी तमाम प्राकृतिक विपदाओं से जूझ रही है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह केवल प्राकृतिक चक्र है या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका भी है? हम इसी प्रश्न की पड़ताल करेंगे और तथ्यों के आधार पर यह सिद्ध करेंगे कि धराली व किन्नौर में आपदा से तबाही- क्या यह आपदाएं प्राकृतिक चक्र है या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता?

साथियों बात अगर हम, भारत के हिमालयी क्षेत्र,विशेषकर उत्तराखंड का धराली गांव और हिमाचल प्रदेश का किन्नौर, हाल ही में भीषण प्राकृतिक तबाही के साक्षी बने हैं, की करें तो बादल फटने, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, और गांवों का अस्तित्व मिटा देने वाली घटनाओं ने न केवल जन-धन का भारीनुकसान किया, बल्कि एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया-क्या ये आपदाएं केवल प्रकृति की आपूर्ति थीं या मानवीय लालच, अंधाधुंध निर्माण, खनन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों का नतीजा? भारत के हिमालयी क्षेत्र, विशेषकर उत्तराखंड का धराली गांव और हिमाचल प्रदेश का किन्नौर, हाल ही में भीषण प्राकृतिक तबाही के साक्षी बने हैं। बादल फटने, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, और गांवों का अस्तित्व मिटा देने वाली घटनाओं ने न केवल जन-धन का भारी नुकसान किया, बल्कि एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया-क्या ये आपदाएं केवल प्रकृति की आपूर्ति थीं या मानवीय लालच, अंधाधुंध निर्माण, खनन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों का नतीजा? इस लेख में हम धराली और किन्नौर की घटनाओं का विस्तारपूर्वक विश्लेषण करेंगे, और यह समझने की कोशिश करेंगे कि कैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, असंवेदनशील विकास, और पर्यावरणीय चेतावनियों की अनदेखी ने इन शांत पर्वतीय क्षेत्रों को विनाश के मुहाने पर ला खड़ा किया। (1) बिना पर्यावरणीय मूल्यांकन के सड़कों और सुरंगों का निर्माण हो रहा है। (2) पहाड़ों को डायनामाइट से उड़ाकर हाईवे बनाए जा रहे हैं। (3) जलविद्युत परियोजनाएं नदियों के प्रवाह को रोककर क्षेत्रीय इकोसिस्टम को ध्वस्त कर रही हैं। (4) पेड़ कट रहे हैं, और कंक्रीट के जंगल उगाए जा रहे हैं। इनका परिणामः- (1) जमीन की पकड़ कमजोर हो जाती है। (2) पानी का स्तर गिरता है। (3) पारिस्थितिक असंतुलन बढ़ता है। (4) बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं आम हो जाती हैं। चार धाम सड़क परियोजनाः- उत्तराखंड में चार धाम सड़क परियोजना के नाम पर हजारों पेड़ों की कटाई की गई। पर्यावरणविदों ने पहले ही चेतावनी दी थी कि यह इलाका भूस्खलन-प्रवण है। फिर भी सड़कों को चौड़ा करने के लिए बड़े-बड़े हिस्सों को नष्ट कर दिया गया। पर्यटन का असंवेदनशील विस्तारः-किन्नौर और धराली जैसे क्षेत्र अब ₹टूरिज्म हॉटस्पॉटर₹ बन गए हैं। इसके चलतेः (1) अवैज्ञानिक होटल निर्माण हुआ। (2) जैविक अपशिष्ट नदियों में फेंका गया। (3) वॉटर रीसोर्सेज पर अतिरिक्त दबाव पड़ा। (4) स्थायी जनसंख्या से अधिक वाहनों का प्रवेश हुआ। :- अवैध खनन और निर्माण कार्य (1) किन्नौर के पहाड़ों में अवैध खनन बहुत वर्षों से चल रहा है। (2) स्थानीय लोगों की शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक चुप्पी रही। (3) यह गतिविधियाँ भूगर्भीय अस्थिरता को और बढ़ावा देती हैं, जिसे रेखांकित करना होगा। साथियों बातें कर हम धराली उत्तराखंड के बाद किन्नौर हिमाचल प्रदेश में 6 अगस्त 2025 को बादल फटने की करें तो धराली के बाद हिमाचल प्रदेश में भी हालात खराब दिखाई दे रहे हैं, उत्तरकाशी में नदी के बढ़े जलस्तर व आस-पास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। धराली उत्तरकाशी में सभी सरकारी एजेंसियां, विभाग और सेना आपसी समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं। बीती रात 130 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है। बंद रास्तों को खोला जा रहा है और प्रभावितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तराखंड के सीएम का कहना है, पूरा धराली आपदा की चपेट में आ गया है, और कल की घटना के बाद वहां कई चरणों में मलबा आया है. मैंने आज वहां जाकर लोगों से मुलाकात की, उनसे बात की और घटना की जानकारी ली, आपदा से सब कुछ तबाह हो गया, इसके साथ ही शाम तक सेना के जवानों ने करीब 190 लोगों को बचा लिया है, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है, अभी घायलों को भी वहां से रेस्क्यू कर उत्तरकाशी लाया जा रहा है, कई जगहों पर भूस्खलन से पूरा संपर्क मार्ग पूरी तरह प्रभावित हुआ है। सरकार सभी व्यवस्थाएं करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, प्रधानमंत्री ने भी हमें हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है, और उनके मार्गदर्शन में हम आपदा पीड़ितों की समुचित मदद करेंगे, यह स्पष्ट है कि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे कटाव, भूस्खलन और सडकों के धंसने जैसी आपदाओं के लिए प्रकृति नहीं, बल्कि मानव की अविवेकपूर्ण योजनाएं, लालची विकास मॉडल और पर्यावरणीय उपेक्षा ही मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं।

जब तक विकास की दिशा में संतुलन और संवेदनशीलता नहीं लाई जाती, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहराती रहेंगी।

# वाराही धाम-जहाँ रक्षाबंधन पर देवी को प्रसन्न करने के लिए लड़ा जाता है युद्ध

(रमाकान्त पन्त)

जनपद चम्पावत के देवीधूरा में स्थित माँ वाराही देवी शक्तिपीठ वाराही धाम के नाम से लोक प्रसिद्ध है। प्राचीन काल से ही यह पावन धाम माँ वाराही देवी की अलौकिक व रहस्यमयी लीलाओं भी भूमि मानी गई है। सदियों से ही यहाँ रक्षा बन्धन के अवसर पर एक विशाल मेले का आयोजन होता आया है, जिसे आषाढ़ी कौतिक भी कहा जाता है। इस पावन पर्व पर जहाँ एक ओर माँ वाराही देवी के दर्शन पूजन, वन्दन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराने को बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त समर्पण भाव से यहाँ पहुंचते हैं वहीं देश के अनेक हिस्सों से आषाढ़ी कौतिक में खेली जाने वाली ₹ बग्वाल₹ यानी पत्थर युद्ध का रोमांच उठाने को भी लाखों की संख्या में दर्शनार्थी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं और रणबांकुरों की आस्था, भक्ति, शौर्य, पराक्रम तथा इस अनूठी परम्परा के प्रत्यक्षदर्शी बन कर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करते हैं। सचमुच माँ वाराही धाम में आयोजित होने वाला यह आषाढ़ी कौतिक महान जनआस्था, भक्ति, समर्पण, पौरुष व दुर्लभ परम्परा का एक अनूठा और अलौकिक महासंगम है।

विज्ञान के आधुनिक युग में भी यहाँ पाषाण कालीन परम्परा से खेली जाने वाली बावाल यानी पत्थर युद्ध को देख हर कोई हैरान व रोमांचित हो उठता है। इस युद्ध में पत्थरों की बरसात से रणबाकुरों को चोट पहुंचना अथवा उनका घायल होना बहुत सामान्य बात है। निगाल से बनी ढाल से बचाव करते हुए भी हर वर्ष सैकड़ों युद्धरत रणबांकुरे बुरी तरह घायल हो जाते हैं। जान-माल की क्षति कम से कम हो, सम्भवतः इसी विचार से हाल के कुछ वर्षों से मेला समिति व जिला प्रशासन के प्रयासों से युद्ध में अब पत्थरों का प्रयोग पहले से कम करा दिया गया है, पत्थरों की जगह फल व फूलों से बग्वाल खेलने अर्थात युद्ध लड़ने की परम्परा शुरू कराई गयी है। पुरातन काल से ही माँ वाराही देवी की प्रसन्नता के लिए सम्पूर्ण समर्पण व भक्तिभाव से देवीधूरा वाराही धाम में बग्वाल खेलना समीपवर्ती ग्रामीणों के लिए एक अनिवार्य कर्तव्य माना गया है। इसीलिए वाराही धाम के आस-पास स्थित गाँवों के चार अलग-अलग खाम यानी दल अटूट आस्था, श्रद्धा व उत्साह के साथ विधिवत पूजा-अनुष्ठान के पश्चात गाजे बाजों तथा ढाल- पत्थर, फल-फूल इत्यादि के साथ यहाँ स्थित ऐतिहासिक दूबा चौड़ मैदान में विजयश्री प्राप्त करने को पत्थर युद्ध के लिए उतरते हैं।

बग्वाल युद्ध में परम्परानुसार लमगड़िया खाम, वालिक खाम, चम्याल खाम तथा गहड़वाल खाम के रणबांकुरे ही भाग लेते हैं, जिसमें युवाओं के अलावा अक्सर बच्चे व वृद्ध जन भी बग्वाल खेलते देखे जा सकते हैं। निश्चित मयार्दा व विधि-विधान से लड़े जाने वाले इस पाषाण युद्ध की शुरूआत शुभ मुहूर्त में मन्दिर के पुजारी द्वारा शंख ध्वनि के साथ होती है। ताँबे का छत्र और चंवर गाय की पूँछ के साथ पुजारी युद्ध के हर दृश्य को ध्यान से निहारता रहता है। लाखों दर्शकों की उपस्थिति में खोली खांण दूबा चौड़ मैदान के चारों कोनों से चार अलग-अलग खामों के योद्धा फूल -मालाएं पहन, विजय तिलक लगाकर रणभेरी व बाजे - गाजे के साथ एक दूसरे पर पत्थर वर्षा करते हुए मैदान के बीचों बीच एक निश्चित जगह को स्पर्श करने का प्रयास करते हैं। माना जाता है कि जो खाम अथवा दल उस निश्चित लक्ष्य को पहले स्पर्श करने में सफल हो जाता है, उसे विजयी घोषित कर दिया जाता है। इसी के साथ पुजारी द्वारा शंख ध्वनि किये जाने पर पत्थर युद्ध समाप्त मान लिया जाता है। इस पत्थर युद्ध में सैकड़ों योद्धा घायल हो जाते हैं, कइयों को गम्भीर चोटें भी आती हैं, परन्तु चारों खामों के लड़ाके युद्ध समाप्ति के पश्चात एक दूसरे की कुशल क्षेम जानते हैं, परस्पर गले मिलते हैं

# मुंबई-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर लगे जाम में फंसी एंबुलेंस, पति की आंखों के सामने दर्द से चिल्लाती पत्नी की मौत

**देश की आर्थिक राजधानी मुंबई समेत महाराष्ट्र के सभी शहरों में ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्या है। मुंबई और उसके उपनगरों में यह समस्या हमेशा गंभीर रहती है। घोड़बंदर रोड ट्रैफिक जाम के लिए बदनाम है। ठाणे-घोड़बंदर हाईवे पर गड्ढों के कारण लगे ट्रैफिक जाम में फंसने से एक 49 साल की महिला की मौत हो गई।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः देश की आर्थिक राजधानी मुंबई समेत महाराष्ट्र के सभी शहरों में ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्या है। मुंबई और उसके उपनगरों में यह समस्या हमेशा गंभीर रहती है। घोड़बंदर रोड ट्रैफिक जाम के लिए बदनाम है। ठाणे-घोड़बंदर हाईवे पर गड्ढों के कारण लगे ट्रैफिक जाम में फंसने से एक 49 साल की महिला की मौत हो गई। महिला का नाम छाया पुरब सापले था। वह पालघर तालुका के मधुकर नगर के सफले में रहती थीं।

## आखिर हुआ क्या था?

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, 31 जुलाई को छाया पर एक पेड़ की टहनी गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस दुर्घटना में उनकी पसलियों, कंधों और सिर में चोटें आईं। पालघर में कोई ट्रॉमा सेंटर न होने के कारण स्थानीय अस्पताल ने उन्हें मुंबई के हिंदुजा अस्पताल रेफर कर दिया। 100 किलोमीटर की इस दूरी को तय करने में आमतौर पर ढाई घंटे लगते हैं। इसलिए छाया को एनेस्थीसिया दिया गया। दोपहर 3 बजे एक एंबुलेंस उनके लेकर रवाना हुई। छाया के पति कौशिक पुरब उनके साथ थे। लेकिन उनकी एंबुलेंस मुंबई-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर लगे ट्रैफिक जाम में फंस गई। असहनीय दर्द से बिगड़ी हालतशाम लगभग 6 बजे यात्रा शुरू हुए तीन घंटे से ज्यादा हो चुके थे, लेकिन एंबुलेंस अभी आधी दूरी ही तय कर पाई थी।

# 160 सीटों की गारंटी देने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं, क्या उनका इस्तेमाल करके देख लिया था'? फडणवीस का शरद पवार पर पलटवार

**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार के दावे पर जोरदार पलटवार किया है। शरद पवार ने कहा था कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले दो लोगों ने उनसे संपर्क कर राज्य की 288 में से 160 सीटें जीतने की गारंटी दी थी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नागपुरः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार के दावे पर जोरदार पलटवार किया है। शरद पवार ने कहा था कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले दो लोगों ने उनसे संपर्क कर राज्य की 288 में से 160 सीटें जीतने की गारंटी दी थी। इस पर फडणवीस ने रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे हैरानी होती है कि बड़े नेताओं के पास इस तरह के लोग चुनाव को प्रभावित करने के विचार लेकर आते हैं और ये नेता ऐसे मामलों में न पुलिस में शिकायत करते हैं, न चुनाव आयोग में और न ही उन पर खुद कोई कार्रवाई करते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि आपने उनका इस्तेमाल करके देख लिया था?

## जनादेश के अपमान को बंद करने की नसीहत दी

फडणवीस ने कहा कि अगर वे ऑफर लेकर आए थे तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? पवार के बयान को फडणवीस ने महज 'स्टोरी' बनाने की कोशिश बताया। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि चुनाव आयोग ने कई बार खुली चुनौती दी है कि कोई ईवीएम हैक करके दिखाए, लेकिन कोई ऐसा नहीं कर सका। उन्होंने झूठे आरोप लगाकर जनादेश के अपमान को बंद करने की नसीहत भी दी।

## शरद पवार पर ओबीसी समाज को लेकर भी हमला बोला

फडणवीस ने शरद पवार पर ओबीसी समाज को लेकर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव में झटका मिलने के बाद अब इन्हें ओबीसी समाज की याद आ रही है। जिस तरह से इन्होंने ओबीसी समुदाय को दरकिनार किया और जब उनके आरक्षण पर खतरा मंडराया, तब दोहरी भूमिका निभाई, उसे समाज भली-भांति जानता है। अपनी जमीन तलाशने के लिए यह सब किया जा रहा है।

## शरद पवार ने क्या कहा था?

शरद पवार ने कहा था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले दो लोगों ने उनसे मुलाकात की थी। इन लोगों ने दावा किया कि वे चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं और 160 सीटें जिताने की गारंटी दे सकते हैं। पवार ने बताया कि यह सुनकर उन्हें आश्चर्य हुआ और उन्होंने इन लोगों के साथ राहुल गांधी की मुलाकात कराई, ताकि वे अपने विचार रख सकें। लेकिन, पवार और राहुल गांधी इस बात पर सहमत थे कि इस तरह के प्रस्ताव पर ध्यान देना चाहिए

फास्ट ट्रैक

# 'ईवीएम के जरिए जीत की गारंटी', संजय राउत ने शरद पवार के '160 सीटों' के दावे को दोहराया, कहा- उन्हीं लोगों ने उद्धव से दो बार किया था संपर्क

**शिवसेना सांसद संजय राउत ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कुछ लोगों ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी। इन लोगों ने 60-65 मुश्किल सीटों पर ईवीएम के जरिए जीत दिलाने का वादा किया था। राउत ने शरद पवार के बयान का समर्थन करते हुए यह बात कही।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः शिवसेना सांसद संजय राउत ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कुछ लोगों ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी। इन लोगों ने 60-65 मुश्किल सीटों पर ईवीएम के जरिए जीत दिलाने का वादा किया था। राउत ने एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के बयान का समर्थन करते हुए यह बात कही। राउत ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी यही लोग ठाकरे से मिले थे। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 30 पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की जीत का हवाला दिया था, लेकिन ठाकरे ने चुनावी प्रक्रिया में विश्वास जताते हुए उनसे मिलने से इनकार कर दिया था।

## शरद पवार के बयान पर राउत का समर्थन

इससे पहले शरद पवार ने शनिवार को दावा किया था कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले दो व्यक्तियों ने उनसे मुलाकात की थी और 288 में से 160 निर्वाचन क्षेत्रों में विपक्ष की जीत की गारंटी दी थी। राउत ने मीडिया को संबोधित करते हुए दावा किया कि शरद पवार ने कहा कि कुछ लोग चुनाव से पहले उनसे मिले थे। उन्हीं लोगों ने लोकसभा चुनाव के दौरान उद्धव ठाकरे से भी मुलाकात की थी। हमने उनसे कहा कि हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं और देश के माहौल को देखते हुए हम निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव जीतेंगे।

## राउत का चौंकाने वाला दावा

शिवसेना (यूबीटी) नेता ने दावा किया कि उन्हीं लोगों ने कुछ महीने बाद हुए विधानसभा चुनावों से पहले ठाकरे से संपर्क किया था। राउत ने कहा कि हमने उनसे कहा कि विपक्ष को (लोकसभा चुनावों में) भारी सफलता मिली है और हम विधानसभा चुनावों में सत्ता में आएंगे। उन्होंने हमें 60-65 मुश्किल सीटें उन्हें देने को कहा और ईवीएम के जरिए जीत का वादा किया। हालांकि, ठाकरे ने कहा कि हमें ऐसा करने की जरूरत महसूस नहीं होती। कि उद्धव ने शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व सिद्धांत को त्याग दिया है। उन्होंने जून 2022 में शिवसेना (अविभाजित) के दो-तिहाई से अधिक विधायकों के साथ पार्टी छोड़ दी थी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोग से मुख्यमंत्री बने थे। बाद में निर्वाचन आयोग ने उनके नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना का दर्जा दे दिया था। दिल्ली दौरे पर क्या बोले शिंदे ?शिंदे ने कहा कि मैं जब भी अपने गांव जाता हूं या दिल्ली आता हूं, तो विपक्ष को बहुत परेशानी होती है। लेकिन मैं अपना काम करता रहता हूं। वे जो चाहें, सोचने के लिए स्वतंत्र हैं। मैं यहां बिना काम के नहीं आता। पिछले हफ्ते शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। शिंदे ने कहा कि विपक्षी दल शिवसेना (यूबीटी) के लिए उनके दिल्ली दौरे की आलोचना करना आसान है, लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए

# मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय द्वारा सार्वजनिक गणेशोत्सव मार्गदर्शन बैठक संपन्न

## पुलिस आयुक्तालय द्वारा सार्वजनिक गणेशोत्सव मार्गदर्शन बैठक संपन्न





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

आगामी गणेशोत्सव सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक के मार्गदर्शन में सार्वजनिक गणेशोत्सव के लिए ड्रीम एरोन बैंक्वेट हाल, मानिकपुर वसई पश्चिम में बैठक का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस बैठक में प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, ध्वनि प्रदूषण और सुरक्षा व्यवस्था , सीसीटीवी कैमरा, फर्स्ट एड सेंटर साथ ही आपातकालीन कार्रवाई सहित सुरक्षा उपायों के संबंध में स्वयंसेवकों एवं उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया गया। उनकी शिकायतों को सुनकर उनका समाधान निकालने का सार्थक प्रयास करने के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल गणेशोत्सव को मनाने के दिशा में लोगों को प्रोत्साहित किया गया। पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक ने शहर के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा की पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित, शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण व कानून के दायरे में सामूहिक एकता के प्रतिक गणेशोत्सव को हर्षोल्लास से मनाया जाए। इस बैठक में पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम ने उपस्थित लोगों द्वारा बताई गई कठिनाइयों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया ।साथ ही, इस उत्सव के दौरान न्यायालय और सरकार से प्राप्त दिशा-निदेशों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया। इस बैठक में लगभग 650 से 750 लोग उपस्थित थे। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे, विधायक-वसई विधानसभा स्नेहा दुबे-पंडित, नालासोपारा विधायक राजन नाईक, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम वसई-विरार दीपक सावंत, पुलिस उपायुक्त जोन 2 वसई पूर्णिमा चौगले-श्रृंगी,पुलिस उपायुक्त, जोन 3 विरार सुहास बावचे, जोन 2 और जोन 3 के सभी सहा.पुलिस आयुक्त और सभी पुलिस थाना प्रभारी अधिकारी और साथ ही नगर निगम की प्रभाग समितियों के सहायक आयुक्त , अग्निशमन, महावितरण आदि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही, वसई तालुका के गणेशोत्सव मंडल के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, पत्रकार उपस्थित थे।

# बचत समूहों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 10 जिलों में बचत समूह मॉल : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ( युनिस खान ) महिला सशक्तिकरण किसी भी राष्ट्र के विकास की रीढ़ होता है। जब समाज की महिलाएं मुख्यधारा में आती हैं, तभी उस राष्ट्र का विकास तेजी से आगे बढ़ता है। महिलाओं को अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने से देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होती है। महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी के बिना राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। यह कहते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जानकारी दी कि बचत समूहों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 10 जिलों में बचत समूह मॉल बनाए जाएंगे। मुलुंड स्थित महाकवि कालिदास नाट्यगृह में आयोजित रक्षाबंधन उत्सव में मुख्यमंत्री ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार, विधायक मिहिर कोटेचा के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। हिंदू परंपरा में रक्षाबंधन त्योहार के महत्व को स्पष्ट करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल राखी का धागा नहीं है, बल्कि प्रेम का बंधन है। इसमें बहन का भाई के प्रति प्रेम व्यक्त होता है और भाई बहन की रक्षा की शपथ लेता है। लेकिन अब समय आ गया है कि भाई यह संकल्प लें कि वे अपनी बहन को इतनी सक्षम बनाएंगे कि वह न केवल अपनी, बल्कि अपने परिवार की भी रक्षा कर सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए केंद्र और राज्य सरकारें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रयास कर रही हैं।

## महिला सशक्तिकरण पर जोर

महिला सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी कई योजनाएं शुरू की हैं। मुद्रा योजना के लाभार्थियों में 60 प्रतिशत महिलाएं हैं, जिससे लाखों महिलाओं को अपने पैरों पर खड़े होने में मदद मिली है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में पिछले वर्ष 25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा किया गया। इस वर्ष भी 25 लाख महिलाओं को और राज्य में कुल 1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने बताया कि महिलाओं द्वारा लिए गए ऋण की अदायगी 100 प्रतिशत होती है।

लाडकी बहन योजना अगले पांच वर्षों तक जारी रहेगी

महाराष्ट्र में लाडकी बहन योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रति माह ?1,500 दिए जाते हैं। महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए यह योजना अगले पांच वर्षों तक निरंतर जारी रहेगी।

## शिक्षा से महिलाओं का विकास

राज्य सरकार ने लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क कर दी है। आज लड़कियां केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकती हैं। इसके कारण लड़कियां शिक्षा में बड़ी प्रगति कर रही हैं, जिसका उत्तम उदाहरण विश्वविद्यालयों में गोल्ड मेडल पाने वाली लड़कियों की बढ़ती संख्या है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अब महिलाओं की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी महिलाओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और आश्वासन दिया कि उनके सामाजिक और आर्थिक संरक्षण के लिए सरकार सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी।

# अत्याधुनिक दीवानी व फौजदारी न्यायालय भवन का लोकार्पण



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पालघर जिले के आदिवासी बहुल जव्हार में अत्याधुनिक दीवानी व फौजदारी न्यायालय भवन का लोकार्पण मुंबई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और मंजुषा देशपांडे के हाथों हुआ ।इससे अब स्थानीय लोगों को न्याय के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। ई-कोर्ट, ऑनलाइन केस रजिस्ट्रेशन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी सुविधाओं के साथ यह न्यायालय डिजिटल युग की ओर बड़ा कदम है। न्यायमूर्तियों ने इसे आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया।

# 'मेरे दिल्ली दौरों से सिर्फ विपक्ष को होती है परेशानी, महायुति में नो टेंशन', एकनाथ शिंदे के निशाने पर कौन?

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

**महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा है कि उनकी दिल्ली यात्राओं से महायुति गठबंधन (बीजेपी और एनसीपी) को कोई परेशानी नहीं है। लेकिन विपक्षी दल के नेता जरूर बेचैन हो जाते हैं। एकनाथ शिंदे ने यह बात एक इंटरव्यू के दौरान कही।**





मुंबईः महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा है कि उनकी दिल्ली यात्राओं से महायुति गठबंधन (बीजेपी और एनसीपी) को कोई परेशानी नहीं है। लेकिन विपक्षी दल जरूर बेचैन हो जाते हैं। शिंदे ने यह बात पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कही। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली महाराष्ट्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर बात करने, शिवसेना सांसदों से मिलने और दूसरे राज्यों के पार्टी नेताओं के साथ मीटिंग करने के लिए जाते हैं। शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बिना काम के दिल्ली नहीं जाते, बल्कि महाराष्ट्र के लोगों के लिए काम करने जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष को यह समझना चाहिए कि उन्होंने उन लोगों से हाथ मिला लिया है, जिन्होंने बालासाहेब ठाकरे को मताधिकार से वंचित रखकर उनका अपमान किया था ।उद्धव सेना और कांग्रेस पर क्या बोले शिंदे? दरअसल विपक्षी दल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और कांग्रेस शिंदे की दिल्ली दौरे को लेकर अक्सर उन पर निशाना साधते रहे हैं। वे दावा करते आए हैं कि शिंदे और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। शिवसेना प्रमुख ने कहा कि क्या उन लोगों से मिलना गलत है, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर या अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाकर बालासाहेब ठाकरे के सपनों को साकार किया ?शिंदे ने क्यों छोड़ा था उद्धव का साथ ?शिंदे ने लगभग तीन साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (अविभाजित), कांग्रेस और एनसीपी( अविभाजित ) की महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार से यह कहते हुए बगावत कर दी थी

# आईआरसीटीसी द्वारा मुंबई से जापान के अल्पाइन अजूबे और विरासत टूर पैकेज लॉन्च

## जापान की संस्कृति और अल्पाइन सौंदर्य के केंद्र में 10 दिनों की क्यूरेटेड यात्रा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी), जो भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक 'नवरत्न' सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, अपने नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय टूर पैकेज - जापान के अल्पाइन अजूबे और विरासतर (मुंबई से) के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह 10-दिवसीय विशेष यात्रा कार्यक्रम यात्रियों को जापान के राजसी अल्पाइन परिदृश्यों और इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक गहन अनुभव प्रदान करता है।

यात्रा विवरणः

अवधिः 9 रातें / 10 दिन

प्रस्थानः 5 अक्टूबर 2025

वापसीः 14 अक्टूबर 2025 रूटः मुंबई टोक्यो माउंट फूजी हाकोन अल्पाइन मार्ग तोयामा हिरोशिमा ओसाका क्योटो टोक्यो मुंबईकिराया (प्रति व्यक्ति): 3,29, 700/- (दो/तीन लोगों के लिए) आईआरसीटीसी पश्चिम क्षेत्र, मुंबई के समूह महाप्रबंधक श्री गौरव झा ने कहा कि यह सोच-समझकर डिजाइन किया गया टूर आधुनिक शहरों, प्राचीन मंदिरों, मनोरम पहाड़ों और आध्यात्मिक टोक्यो और ओसाका की जीवंत सड़कों से लेकर माउंट फूजी की शांत सुंदरता, क्योटो के कालातीत तीर्थस्थलों और प्रतिष्ठित हिरोशिमा शांति स्मारक का अवलोकन कराएगा पैकेज में शामिल हैंः राउंड-ट्रिप अंतर्राष्ट्रीय उड़ान (मुंबई-टोक्यो-मुंबई) गुणवत्तापूर्ण होटल आवास, एसी कोचों द्वारा स्थानीय दर्शनीय स्थलों की यात्रा, दैनिक नाश्ता और भारतीय रात्रिभोज, सभी प्रवेश शुल्क और यात्रा बीमा और अनुभवी आईआरसीटीसी टूर एस्कॉर्ट्स की सेवाएँ ।यह यात्रा जापान के अद्भुत अल्पाइन भूभाग और सांस्कृतिक केंद्रों, जैसे कि प्रसिद्ध अल्पाइन रूट, ओसाका किला, क्योटो मंदिर, आदि, के माध्यम से एक अविस्मरणीय अनुभव का वादा करती है। आईआरसीटीसी भारतीय यात्रियों को अद्वितीय, उच्च-गुणवत्ता और समृद्ध यात्रा अनुभव प्रदान करके अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। लोग www. irctctourism. com के माध्यम से बुकिंग कर सकते हैं या अपनी यात्रा की योजना बनाने में सहायता के लिए हमारे कर्मचारियों को 8287931886 पर कॉल कर सकते हैं। PR/2025/8/1 यह प्रेस विज्ञप्ति भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) पश्चिम क्षेत्र, मुंबई के जनसंपर्क सेल द्वारा जारी की गई है।

# तारों के नीचे से आया भारत, कमाठीपुरा के होटल में करने लगा काम, बांग्लादेशी घुसपैठिया जमाल हुसैन अरेस्ट

**मुंबई पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक अवैध बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। जो अपने देश में हत्या के मामले में फरार था। वह फर्जी नाम से मुंबई में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने देश में हत्या के चार मामलों में वांटेड था।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





मुंबईः मुंबई पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक अवैध बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह फर्जी नाम से मुंबई में रह रहा था। मुंबई क्राइम ब्रांच की सीआईयू यूनिट ने यह गिरफ्तारी की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने देश में हत्या के चार मामलों में वांटेड था और उनमें से एक मामले में उसे मौत की सजा सुनाई गई थी।

## कौन है बांग्लादेशी जमाल हुसैन?

आरोपी की पहचान मोहम्मद जमाल हुसैन पोटुंदर उर्फ कुदुस रहीम शेख के रूप में हुई है। आरोपी 2023 में पश्चिम बंगाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में घुसा था। यहां उसने एक फर्जी आधार कार्ड हासिल किया। बाद में वह मुंबई आ गया और कमाठीपुरा के एक होटल में काम करने लगा। आरोपी को बांग्लादेश में एक मामले में दोषी ठहराया गया था और मौत की सजा सुनाई गई थी। बांग्लादेश की हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद, वह भारत भाग गया और एक फर्जी पहचान के साथ रहने लगा।

मुंबई पुलिस की तलाशी में क्या मिला?

मुंबई क्राइम के एक अधिकारी ने बताया कि उसके सामान की तलाशी के दौरान उन्हें चार हत्याओं में उसकी संलिप्तता के बारे में बंगाली भाषा के चार दस्तावेज मिले। ऐसा लगता है कि बांग्लादेश पुलिस की ओर से गिरफ्तारी वारंट जारी करने और उसकी तलाश करने के बाद उसके मूल स्थान से किसी ने उसे ये दस्तावेज भेजे थे।

## कोर्ट ने 13 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेजा

वारंट जारी होने के बाद पोटुंदर बांग्लादेश से भाग गया। वह पश्चिम बंगाल में दाखिल हुआ और फिर मुंबई आ गया। एक गुप्त सूचना के आधार पर मुंबई क्राइम ब्रांच की सीआईयू ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे 13 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## पहले बताया था बंगाल के नादिया का है रहने वाला

आरोपी ने शुरूआत में दावा किया कि वह पश्चिम बंगाल के नादिया जिले का रहने वाला है, लेकिन बाद में उसने अपनी असली पहचान बताई। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि उसके पास कोई भी वैध यात्रा दस्तावेज नहीं थे। कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से उसके देश को सूचित किया जाएगा।

# यूरिया छिड़कते किसान को सांप ने डसा, मौत

## देवरिया में किसान के दाहिने पैर की उंगली में डसा, इलाज के दौरान तोड़ा जम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

देवरिया, पथरदेवा विकासखंड के बघौचघाट थाना क्षेत्र के बसडीला मैनुद्दीन गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। गांव के 65 वर्षीय अंबिका कुशवाहा की सांप के काटने से मौत हो गई। अंबिका कुशवाहा, जो लालचंद के पुत्र थे, अपने घर के पूरब स्थित धान के खेत में यूरिया खाद छिड़क रहे थे। खेत में पानी नहीं था। इसी दौरान उनके दाहिने पैर की उंगली में किसी विषैले सांप ने काट लिया। कुछ ही देर में उन्हें चक्कर आने लगे और उनकी हालत बिगड़ने लगी। जानकारी मिलते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए देवरिया मेडिकल कॉलेज ले गए। दुर्भाग्य से वहां इलाज के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई। सदमें में परिवार मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी सिंगारी देवी, पुत्र राधेश्याम कुशवाहा, सभा कुंवर सहित परिवार के अन्य सदस्य शोक में डूबे हुए हैं।



# धर्मेंद्र और रवीना गायकवाड़ ने ठाणे मनपा वर्षा मैराथन पुरुष और महिला वर्ग में जीती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , 31वीं ठाणे मनपा वर्षा मैराथन में, पुणे के एएसआई के धर्मेंद्र ने पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 21 किलोमीटर की दूरी 1 घंटा 07 मिनट और 41 सेकंड में पूरी की। जबकि, महिला वर्ग में नासिक की रवीना गायकवाड़ ने 1 घंटा 25 मिनट और 46 सेकंड में दौड़ पूरी की। इस प्रतियोगिता में लगभग 25 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी पत्नी लता शिंदे ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान, विजेता धावकों को परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद नरेश म्हस्के और पूर्व विधायक रवींद्र फाटक ने सम्मानित किया। कोरोना के कारण पिछले पांच वर्षों से बाधित यह प्रतियोगिता इस वर्ष युवा और वृद्धों की भागीदारी के साथ बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई। भाग लेने वाले धावकों का उत्साह देखकर, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मैराथन को हरी झंडी दिखाने के बाद स्वयं मैराथन में दौड़कर धावकों सहभागी हुए। उन्होंने धावकों के साथ कुछ दूर दौड़कर उनका उत्साह बढ़ाया। ठाणे मनपा और ठाणे जिला एमेच्योर एथलेटिक्स संघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 31वीं वार्षिक मैराथन रविवार सुबह आयोजित की गई। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुरुष समूह प्रतियोगिता को और लता शिंदे ने महिला समूह प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई। उसके बाद, कुल 12 समूहों में प्रतियोगिताओं को मनपा मुख्यालय के सामने चौक से चरणों में शुरू किया गया। इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, पूर्व उपमहापौर पल्लवी कदम, मनपा आयुक्त सौरभ राव, पूर्व वरिष्ठ नगरसेवक राम रेपाले, एकनाथ भोईर, परिवहन सेवा के पूर्व अध्यक्ष विलास जोशी, पूर्व नगरसेवक पवन कदम, विकास रेपाले, नम्रता भोसले, राजेश मोरे, सिद्धार्थ ओवालेकर, अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, परिवहन प्रबंधन भालचंद्र बेहरे, उपायुक्त जी. जी. गोडेपुरे, सचिन सांगले, दिनेश तायडे, शंकर पटोले, मिताली संचेती, क्रीड़ा उपायुक्त मीनल पलांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल आदि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मैराथन की शुरूआत करते हुए कहा कि उन्हें पूर्व सांसद सतीश प्रधान की बहुत याद आती है, जिन्होंने शुरू से ही इस मैराथन के लिए पहल की थी। ठाणे बदल रहा है और इस बदलते ठाणे के साथ-साथ यह मैराथन ठाणे के युवाओं को ऊर्जा देने का काम भी कर रही है। सितंबर में ठाणे में मेट्रो का ट्रायल रन होगा। आंतरिक मेट्रो का काम भी शुरू हो रहा है। इससे ठाणे की सूरत और भी बदल जाएगी। हमारा ठाणे हरा-भरा हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि मनपा ने इस साल दो लाख पेड़ लगाने का फैसला किया है। इस अवसर पर, इंग्लैंड से फ्रांस तक समुद्री दूरी तय करने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे तैराक आयुषी कैलाश अखाड़े, आयुष प्रवीण तावड़े और मानव राजेश मोरे को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सम्मानित किया। इसी प्रकार, पूर्ण आर्यनमान प्रतियोगिता पूरी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय एथलीट शौर्य अविनाश अंबुरे और स्मिता जावले को भी उपमुख्यमंत्री शिंदे ने सम्मानित किया। इस अवसर पर, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित उपस्थित सभी लोगों ने घर पर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मैराथन मंच पर तिरंगा शपथ ली।




फास्ट ट्रैक

# युवती ने प्रेमी से की कोर्ट मैरिज

## वीडियो में परिजनों और पुलिस पर लगाए आरोप, कहा- जान का खतरा

शाहजहांपुर, एक युवती ने पुलिस और अपने परिजनों से अपनी जान को खतरा बताया है। उसने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। युवती ने बताया कि वो बालिग है और अपनी मर्जी से अपने प्रेमी से दिल्ली में कोर्ट मैरिज की है। उसका परिवार जबरन दूसरी शादी करवाना चाहता है। युवती ने आरोप लगाया कि अगर उनके साथ कुछ भी अनहोनी होती है तो उसके जिम्मेदार घरवाले और पुलिस होगी। युवती जलालाबाद की रहने वाली है। उसका नाम मुस्कान मिश्रा है। मुस्कान के पिता परचून की दुकान चलाते हैं। युवती का प्रेमी रोहित उसी परचून की दुकान पर काम करता था। मुस्कान बरेली में रहकर पढ़ाई करती थी, बेटी की देखरेख के लिए मुस्कान के पिता रोहित को बरेली भेज देते थे। इस दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ गईं। जब इस बात का पता परिजनों को लगा तो उन्होंने इसका विरोध किया। मुस्कान बगावत पर उतर आई और रोहित के साथ चली गई। परिजनों ने पुलिस में शिकायत की, जिसके बाद उसे वापस घर लाया गया, लेकिन उसे जैसे ही पता चला कि घर वाले उसकी कहीं और शादी तय कर रहे हैं। वो दोबारा रोहित के साथ 1 अगस्त को चली गई। जिसके बाद परिजनों ने 1 अगस्त को जलालाबाद थाने में रोहित के खिलाफ बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। मुस्कान ने 4 मिनट 3 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। परिजनों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके पति के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्हें परेशान किया जा रहा है। शादी के बाद परिजन और पुलिस उन्हें शांति से जीने नहीं दे रहे हैं।



# बाढ़ प्रभावितों को मिली राहत

## विधायक ने बांटी खाद्य सामग्री, जिलाधिकारी ने दिया हर संभव मदद का आश्वासन

मिर्जापुर, सदर तहसील क्षेत्र के एस.के. डिग्री कॉलेज, तिलठी में संचालित बाढ़ राहत शिविर में रविवार को बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें आवश्यक सामग्री प्रदान की। राहत पैकेट में खाद्य पदार्थ, पीने का पानी, दाल, चावल, आटा, नमक, मसाले सहित दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। वितरण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कहा कि जिला प्रशासन बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि राहत शिविरों में प्रभावित लोगों के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल, चिकित्सकीय सुविधा और अस्थायी आवास की व्यवस्था की गई है। अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह और उपजिलाधिकारी सदर भी मौके पर मौजूद रहे। विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि यह कठिन समय है। सरकार और प्रशासन मिलकर प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जब तक बाढ़ का संकट पूरी तरह समाप्त नहीं होगा, तब तक राहत और बचाव कार्य लगातार जारी रहेंगे।



# रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज में शैक्षिक मनोविज्ञान पर डा.साम न्यूटन ने दिया व्याख्यान




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , भिवंडी शहर के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज में शिक्षकों के लिए 'लेट अस अंडर स्टैंड सेल्फ' ( आइए हम खुद को समझें )विषय पर उर्दू बसेरा ऑडीटोरियम में सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षा डा.साम न्यूटन उपस्थित थे।प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया तथा केएमई सोसायटी के सचिव दानियाल काजी ने पुष्पगुच्छ से सेस्वागत किया। डा.साम न्यूटन ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से श्रोताओं को शिक्षक की स्थिति,उन्हें अंग्रेजी में 'सर' कहकर संबोधित करने की बुद्धिमत्ता के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने कहा कि एक बच्चे के मस्तिष्क का विकास उसके जन्म से कुछ महीने पहले प्रारंभ हो जाता है और तेजी से विकसित होता है।प्रायमरी शिक्षा के बाद जब विद्यार्थी हाई स्कूल मे आता है तब तक बहुत कुछ सीख चुका होता है। प्रारंभिक अवस्था'की समाप्ति के बाद, शिक्षक द्वारा शिक्षार्थी की शिक्षा और प्रशिक्षण की चिंता करना, आईसीयू में किसी अत्यंत गंभीर और नाजुक रोगी का इलाज करने वाले विशेषज्ञ चिकित्सक के समान है इसका समाधान यह है कि शिक्षक, विद्यार्थी को पढ़ने का निर्देश देने के बजाय,उसे 'ज्ञान अन्वेषक' बनाए।यह काम एक दिन में नहीं होगा,किनतु 'एक दिन अवश्य होगा।' एक शिक्षक को अपने विद्यार्थी के जीवन में एक बादल की तरह सदैव उसके साथ चलने वाला साथी बनना चाहिए।एक सफल विद्यार्थी के पीछे एक शिक्षक का होना आवश्यक है जो अपने विद्यार्थी में आत्मविश्वास बढ़ाता रहे और उसे अच्छी तरह से तैयार करता रहे। शिक्षकों ने संगोष्ठी को लाभप्रद और उपयोगी बताया।कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य जिया-उर-रहमान अंसारी के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुम्बरे ने किया उल्हासनगर में सीसीटीवी कैमरा सुरक्षा नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन

## उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी की वर्षों पुरानी मांग सफल।






भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर शनिवार 9 अगस्त को उल्हासनगर में पुलिस नियंत्रण कक्ष व महिला शिकायत निवारण कक्ष के नवीनीकरण और नवीन सीसीटीवी कक्ष व कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन समारंभ ठाणे शहर पुलिस आयुक्त आशुतोष डूंबरे के कर कमलों द्वारा अपर पुलिस आयुक्त संजय जाधव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके साथ ही परिमंडल 4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल काले, शैलेश काले के साथ-साथ अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थेज्ञात रहे की उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी विगत कई वर्षों से उल्हासनगर में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण के लिए शहर में सीसीटीवी लगाए जाने के मांग शासन-प्रशासन स्तर पर आए दिन करते रहें हैं। इस बाबत उन्होंने मुख्यमंत्री, गृह विभाग, जिलाधिकारी,मनपा आयुक्त तथा ठाणे पुलिस आयुक्त-उपायुक्त जोन 4 व आमदार कुमार आयलानी व महापौर से लगातार पत्र व्यवहार करते रहे । अंततः 9 अगस्त को सीसीटीवी कैमरों को चालू करने और नियंत्रण कक्ष के उद्घाटन से उनकी वर्षों पुरानी मांग सफल हो गई है। शहर में सीसीटीवी कैमरों को लगाने की शुरूआत हो चुकी हैं ।सीसीटीवी लगने से आपराधिक प्रवृति के लोगों पर नियंत्रण रखना संभव हो पाएगा और अपराधों पर भी नियंत्रण लगने की उम्मीद लगाई जा रही है। इस प्रक्रिया में उल्हासनगर परिमंडल 4 के अंतर्गत लगभग लगभग 1593 सीसीटीवी कैमरे शहर के विभिन्न स्थलों पर लगाएं जाएंगे। शहर के मुख्य चौराहों और व्यस्तम जगहों पर सीसीटीवी लगने से जगदीश तेजवानी ने अपनी खुशी जाहिर की है और उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से शहर के लोगों में सुरक्षा का भाव जागेगा और पुलिस प्रशासन को कानून व्यवस्था और अपराधों पर नियंत्रण लगाने में सहायता मिलेगी।

# पानी के गड्ढे में मिला मगरमच्छ

- वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया, कठिना नदी में छोड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जनपद के निगोही थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया खुर्द में रविवार को एक पानी के गड्ढे में मगरमच्छ दिखने से हड़कंप मच गया। मगरमच्छ को देखकर गांववालों में दहशत फैल गई और यह खबर तेजी से पूरे इलाके में फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत उत्तर प्रदेश पुलिस की हेल्पलाइन 112 पर सूचना दी। गांव के कुछ साहसी युवकों ने मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद वन विभाग को भी सूचित किया गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने साहस का परिचय देते हुए काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रस्सियों से बांधकर बोरी में बंद किया। टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर बहने वाली कठिना नदी में छोड़ दिया। स्थानीय लोगों का मानना है कि बरसात के मौसम में नदी में पानी बढ़ने के कारण यह मगरमच्छ खेतों के रास्ते होकर गांव के पानी के गड्ढे तक पहुंच गया होगा। वन विभाग के डिप्टी रेंजर अजय सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित नदी में छोड़ दिया है। उन्होंने बरसात के मौसम में ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है।



# बाढ़ को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

## 10 मिनट में डूबते युवक को बचाने वाली टीम का एडीएम ने बढ़ाया हौसला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, गर्रा और खननौत नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद नदी में कूदने की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। कुछ स्थानों पर बच्चे नदियों के किनारे खेलते हुए भी देखे गए हैं। इसी को देखते हुए प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है।

गर्रा पुल के पास एक मंदबुद्धि युवक नदी में छलांग लगाने के बाद गहरे पानी में जाने लगा। वहां पहले से तैनात रेस्क्यू टीम ने तत्परता दिखाते हुए महज दस मिनट के अंदर युवक को पानी से बाहर निकाल लिया। इस घटना की सूचना मिलते ही एडीएम अरविंद कुमार एसडीएम और अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवक की जान बचाने वाली टीम को बधाई दी और उनका हौसला बढ़ाते हुए आगे भी इसी मेहनत से काम करने की अपील की।

एडीएम ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नदियों, पानी से भरे गड्ढों और तालाबों के पास न जाने दें। उन्होंने बताया कि गर्रा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 1.900 मीटर और खननौत नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 950 सेंटीमीटर नीचे है।

प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर लोधीपुर पुल, गर्रा अजीजगंज पुल, ककरा पुल और हनुमतधाम पर पीएसी फ्लड यूनिट और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की हैं। इससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाया जा सकेगा।

एडीएम अरविंद कुमार ने बताया कि शहर क्षेत्र में 5 मोटर बोट, 4 मोटर बोट के साथ एसडीआरएफ, 3 पीएसी फ्लड बोट और 15 मैनुअल नाव को अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि जिन स्थानों पर नदी में कूदने की घटनाएं अधिक हुई हैं, वहां पुलिस से विशेष निगरानी कराई जाएगी।



# राजकीय मेडिकल कालेज में दो पक्षों के बीच मारपीट

## जमकर चले लात-घूंसे, पुलिस ने कराया बीच-बचाव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कालेज में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के बीच हुई इस झड़प में घायल लोग भी मारपीट करते दिखे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जानकारी के अनुसार, थाना निगोही क्षेत्र में पहले दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इस मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए थे। घायलों का इलाज राजकीय मेडिकल कालेज में चल रहा था। इलाज के दौरान दोनों पक्ष अस्पताल में मौजूद थे। इसी बीच दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गाली-गलौज के बाद दोनों पक्ष फिर से भिड़ गए। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पिस्टल दिखाने का आरोप लगाया है। मारपीट के दौरान कई लोगों के कपड़े फट गए। इस झड़प में कुछ महिलाओं को भी लात-घूंसे लगे। मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों को अलग किया। पुलिस ने अब इस मामले की जांच शुरू कर दी है।



# युवक ने गर्रा नदी में लगाई छलांग

## गोताखोरों ने 15 मिनट में निकाला, अस्पताल भेजा; नदियों के बढ़े जलस्तर के बाद कूदने की घटनाएं बढ़ीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक मंदबुद्धि युवक ने गर्रा नदी में छलांग लगा दी। वहां से गुजर रहे लोगों ने देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब 15 मिनट के अंदर ही युवक को नदी से बरामद कर लिया। उसकी सांसें चल रही थीं और पुलिस ने तत्काल उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। गर्रा और खननौत नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने के बाद से नदी में कूदने की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान के लिए नाव और मोटरबोट की व्यवस्था कर रखी है। तहसील प्रशासन की तरफ से गर्रा पुल के पास एक स्टीमर भी लगाया गया है। दस बजे युवक गर्रा पुल से नदी में कूद गया। उसे कूदता देखकर लोगों ने शोर मचाया और मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्टीमर पर तैनात गोताखोरों को जानकारी दी। तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया और करीब 15 मिनट के अंदर युवक को बरामद कर लिया गया। पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि युवक को अस्पताल भेजा गया है। युवक कहां का रहने वाला है, इसकी जानकारी नहीं है। युवक मंदबुद्धि बताया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में इसी क्षेत्र में कई घटनाएं हुई हैं। तीन दिन पहले अजीजगंज के अमित कश्यप ने इसी जगह से नदी में छलांग लगाई थी, जिसका अभी तक कोई पता नहीं चला है। शनिवार की रात एक महिला ने पति की मारपीट से तंग आकर छलांग लगाने की कोशिश की थी, लेकिन लोगों ने उसे बचा लिया। लोधीपुर पुल से एक युवक ने रील बनाते हुए खननौत नदी में छलांग लगाई थी, जिसका शव शनिवार को दनियापुर गांव से बरामद किया गया।




# हर घर तिरंगा-अभियान के तहत शाहजहांपुर में निकली साइकिल रैली

- 200 खिलाड़ी, स्कूली बच्चे और एनसीसी कैडेट हुए शामिल, वंदे मातरम के नारे लगाए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एक साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में लगभग 200 खिलाड़ी, स्कूली बच्चे और एनसीसी कैडेट शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने भी इस रैली में हिस्सा लिया। क्षेत्राधिकारी लाइन संजय कुमार सिंह ने शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सुभाष चौराहा से शुरू हुई। यह लोदीपुर, खिरनीबाग और पंडित राम प्रसाद बिस्मिल पार्क होते हुए गांधी भवन पर समाप्त हुई। सभी साइकिलें तिरंगे से सजी हुई थीं। प्रतिभागियों ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। इससे पूरा माहौल देशभक्ति से भर गया। तक प्रतिदिन हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की निगरानी जिले के आलाधिकारी स्वयं कर रहे हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इन विभागों को प्रतिदिन लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने हैं। इस आयोजन में स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रशिक्षक, पुलिस और यातायात पुलिस ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को जलपान कराया गया।



## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# दावा- अमेरिका ने अफगानिस्तान विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा रोकी

## 4 अगस्त को इस्लामाबाद जाना था; तालिबान से जुड़े होने के कारण प्रतिबंध लगे

एजेंसी

पाकिस्तानी मीडिया डॉन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया की अमेरिका ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की पाकिस्तान यात्रा रद्द कर दी है। अमेरिका की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के यात्रा प्रतिबंधों के कारण यह फैसला लिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका, अफगानिस्तान-पाकिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकियों और तालिबान के चीन से गहरे होते रिश्तों से परेशान है। मुत्ताकी को 4 अगस्त को इस्लामाबाद जाना था, लेकिन अमेरिका ने वठ की विशेष अनुमति को रोक दिया, जिसके बिना मुत्ताकी विदेश यात्रा नहीं कर सकते। मुत्ताकी पर तालिबान से जुड़े होने के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध हैं, जिसके चलते उन्हें विदेश यात्रा के लिए वठ की मंजूरी चाहिए होती है। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि- कुछ समस्याओं के कारण यह यात्रा नहीं हुई, इसलिए इसे रद्द कहना ठीक नहीं है। उनका यह दौरा



इस्लामाबाद और काबुल के बीच संबंधों को बेहतर करने के लिए था। मुत्ताकी से पहले पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार काबुल गए थे। यूएनएससी की प्रतिबंध समिति 1988 में बनी थी। इसमें 5 स्थायी सदस्य (चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका) और 10 अस्थायी सदस्य शामिल हैं। ये तालिबान से जुड़े लोगों पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति जब्ती और हथियारों पर रोक जैसे कदमों को लागू करती है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने इस मंजूरी को देने में देरी की और आखिरी समय में इसे पूरी तरह रोक दिया। इससे मुत्ताकी की पाकिस्तान यात्रा रद्द हो गई। दूसरी तरफ, चीन और रूस इस कमेटी में तालिबान पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की वकालत करते हैं, जिससे कमेटी में अक्सर तनाव देखा जाता है। माना जा रहा है कि अमेरिका ने इस यात्रा को रोककर अपनी चिंताओं को जाहिर किया। हालांकि, जब अमेरिकी विदेश मंत्रालय से इस बारे में सवाल किया गया, तो उनके प्रवक्ता ने कहा- हम अफवाहों पर कोई टिप्पणी नहीं करते। इस जवाब से यह साफ नहीं हुआ कि अमेरिका ने जानबूझकर मंजूरी रोकी है या नहीं। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने शुक्रवार को कहा था- कुछ समस्याओं के कारण यह यात्रा नहीं हो सकी। हम इन मुद्दों को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी साफ किया कि मुत्ताकी की यात्रा की कोई आधिकारिक तारीख तय नहीं हुई थी, इसलिए इसे रद्द या स्थगित कहना ठीक नहीं है। खान ने उम्मीद जताई कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान हो जाएगा और अफगान विदेश मंत्री का पाकिस्तान में स्वागत किया जाएगा। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल के महीनों में रिश्तों में सुधार देखा गया है। 19 अप्रैल 2025 में पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार की काबुल यात्रा के बाद दोनों देशों ने उच्च-स्तरीय बातचीत शुरू की थी मुत्ताकी की यह यात्रा उसी दिशा में एक और कदम थी। तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद भारत और तालिबान सरकार के बीच बातचीत की शुरूआत जनवरी में हुई थी। 8 जनवरी को विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बैठक हुई थी।

तब अफगान विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के लोगों से जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की थी। इसके बाद विदेश मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी आनंद प्रकाश ने 28 अप्रैल को मुत्ताकी से मुलाकात की थी।

# ईरान बिना जांच किए अफगान शरणार्थियों को निकाल रहा

## बच्चों को परिवार से अलग किया, यातना देने के आरोप; 100 दिन में 10 लाख लोग निकाले

एजेंसी

तेहरान, ईरान अफगान शरणार्थियों को उनके कानूनी दर्जे की जांच किए बिना देश से निकाल रहा है। यह आरोप ईरान के सोशल वर्कर्स ने स्थानीय प्रशासन पर लगाया है। इससे कई मामलों में गलत पहचान, परिवार बिछड़ने और डिपोर्टेशन के दौरान दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आई हैं। तेहरान के गवर्नर मोहम्मद सादिक मोतमेदीयान ने बताया कि पिछले 100 दिनों में 10 लाख से ज्यादा अफगानों को निकाला गया है। इनमें से 4 लाख सिर्फ तेहरान प्रांत से हैं। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6



जुलाई तक देश छोड़ दें, नहीं तो उन्हें जबरन निकला जाएगा। ईरानी अधिकारियों ने दावा किया कि अफगानी इजराइल और अमेरिका के लिए जासूसी, आतंकी हमले और ड्रोन बनाने में शामिल हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स को लोगों ने बताया कि उनके पास न तो पर्याप्त सामान है और न ही भविष्य की कोई उम्मीद। 42 साल तक ईरान में मजदूरी करने वाले मोहम्मद अखुंदजादा ने कहा, ₹मैंने 42 साल तक ईरान में मेहनत की, मेरे घुटने टूट गए और अब मुझे क्या मिला? ईरान से निर्वासित हुए एक अफगान शरणार्थी बशीर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अधिकारियों ने उससे 17 हजार रुपए मांगे। फिर दो दिन डिटेंशन सेंटर में रखा। इस दौरान न खाना दिया गया और न ही पानी। बशीर के मुताबिक अधिकारी उसे गालियां देते थे। एक दूसरे युवक ने बताया कि उसके पिता को जासूसी के आरोप में पकड़कर कैद कर दिया गया। उन्हें खाना-पानी नहीं दिया गया और बाद में डिटेन करके अफगानिस्तान भेज दिया। द गार्जियन से बात करते हुए एक अफगान महिला ने बताया कि, ईरानी अधिकारी रात में आए। उन्होंने बच्चों के कपड़े तक नहीं लेने दिए। हमें कूड़े की तरह फेंक दिया। रास्ते में बैंक कार्ड से पैसे निकाल लिए। पानी की बोतल के 80 रुपए और सैंडविच के 170 रूपए वसूले। इजराइल के साथ युद्ध के बाद ईरान में अफगानों के खिलाफ नस्लीय हमले बढ़ गए हैं। कई अफगानों ने बताया कि उन्हें गालियां दी गईं, चाकू से हमले हुए और उनकी मजदूरी तक छीन ली गई। बैंकों, स्कूलों, अस्पतालों और दुकानों ने भी अफगानों को सेवा देने से मना कर दिया है। एब्राहिम कादेरी ने मीडिया को बताया कि वो तेहरान में एक कार्डबोर्ड फैक्ट्री में काम करते थे, वहां कुछ लोगों ने उन्हें गंदा अफगान कहकर पीटा और चाकू से घायल कर दिया।

# रूस के लिए जंग लड़ने वाले अमेरिकी सैनिक को मेडल

## पिछले साल यूक्रेन में मारा गया; मां अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की डिप्टी डायरेक्टर

एजेंसी

मॉस्को/ वॉशिंगन, यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस के लिए लड़ने वाले अमेरिकी सैनिक को राष्ट्रपति पुतिन ने मरणोपरांत ऑर्डर ऑफ लेनिन मेडल से सम्मानित किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी युवक का नाम माइकल ग्लॉस (21) था। वह पिछले साल यूक्रेन में रूस की तरफ से लड़ते हुए मारा गया था। माइकल अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए की सीनियर अधिकारी जूलियन गलीना का बेटा था। गलीना सीआईए में डिजिटल इनोवेशन की डिप्टी डायरेक्टर हैं। माइकल 2023 की सर्दियों में रूस की सेना में भर्ती हुआ था। माइकल ने मॉस्को के रेड स्क्वायर से सेल्फी पोस्ट की थी और सोशल मीडिया पर यूक्रेन युद्ध को प्रॉक्सी वॉर बताते हुए पश्चिमी मीडिया को प्रोपगेंडा कहा था। रूसी मीडिया ने अप्रैल 2024 में उसकी मौत की खबर दी। सीआईए ने बयान कर जारी बताया कि माइकल मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा था। एजेंसी ने उसकी मौत राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा नहीं माना है। माइकल के पिता लैरी ग्लॉस अमेरिका के लिए इराक वॉर में शामिल हुए थे। क्रेमलिन ने ऑर्डर ऑफ लेनिन मेडल देने की बात आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं की है। यह सोवियत दौर का एक बड़ा नागरिक सम्मान है। अभी यह साफ नहीं है कि मेडल आखिर कहां गया।



व्हाइट हाउस, सीआईए और विटकॉफ ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी सीआईए की डिप्टी डायरेक्टर जूलियान जे. गालिना डिजिटल इनोवेशन की चीफ हैं। उन्हें इस पद पर जनवरी 2024 में नियुक्त गया है।

गालिना ने अपने करियर की शुरूआत यूएस नेवल एकेडमी से की थी। यहां 1992 में वे ब्रिगेड ऑफ मिडशिपमेन की पहली महिला लीडर बनीं। 1846 में एकेडमी की स्थापना के बाद ऐसा पहली बार हुआ था। गालिना को क्रिप्टोलॉजिक ऑफिसर के रूप में कमीशन किया गया और उन्होंने एक्टिव ड्यूटी तथा नेवी रिजर्व में सेवा दी। 2013 में वे कमांडर रैंक के साथ रिटायर हुईं। कनाडा की कार्लेटन यूनिवर्सिटी की 12 जून 2025 को पब्लिश हुई एक रिपोर्ट के मुताबिक, 600 से ज्यादा अमेरिकी नागरिक यूक्रेन में युद्ध लड़ रहे हैं। इनमें रूस और यूक्रेन दोनों की तरफ से लड़ने वाले सैनिक शामिल हैं।


इनमें ज्यादातर पुरुष हैं, जिनकी औसत उम्र 32 साल है। इनमें से 60% से ज्यादा के पास यू.एस. आर्मी, ग्रीन बेरे, या नेवी सील्स की सैन्य ट्रेनिंग का अनुभव हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ये लड़ाके अलग-अलग वजहों से यूक्रेन पहुंचे हैं, जो नशे की लत, कैंसर या अवसाद से जूझ रहे हैं।

# जेलेंस्की बोले- यूक्रेन का दूसरी बार बंटवारा नहीं होने देंगे

## जंग खत्म करने के बदले जमीन नहीं देंगे; ट्रम्प ने कहा था- अदला-बदली करनी होगी

एजेंसी

कीव, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस को किसी भी हाल में यूक्रेन का दूसरा बंटवारा करने नहीं दिया जाएगा। एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि रूस के जमीन देकर नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण तरीके से जंग खत्म करके ही शांति आ सकती है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 15 अगस्त को अलास्का में मिलने वाले हैं। इसमें जंग खत्म करन



पर बात होनी है। ट्रम्प पहले कह चुके हैं कि जंग खत्म करने के लिए कुछ इलाकों की अदला-बदली करनी होगी। रॉयटर्स के मुताबिक ट्रम्प इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ त्रिपक्षीय बातचीत भी करना चाहते हैं। वे इस बातचीत में पुतिन को भी शामिल करना चाहते हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति के बीच आखिरी मुलाकात जून 2021 में हुई थी। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी। ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने बुधवार को पुतिन से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने इस बैठक को अहम बताया। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने बताया था कि दोनों देशों ने यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत की। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस हवाई हमले रोकने के लिए एक अस्थाई प्रस्ताव दे सकता है। यह प्रस्ताव बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको ने पिछले हफ्ते पुतिन से मुलाकात के दौरान रखा था। हालांकि, यह पूर्ण युद्धविराम नहीं होगा, लेकिन इससे दोनों पक्षों के लिए एक राहत हो सकती है। फिलहाल रूस ने मई के बाद से यूक्रेन पर सबसे भारी हवाई हमले किए हैं। इनमें कीव में ही 72 लोगों की मौत हुई है। ट्रम्प ने इन हमलों को घिनौना बताया था। यूक्रेन भी रूसी तेल रिफाइनरियों और डिपो पर हमले जारी रखे हुए है।

# रॉबर्ट वाड्रा ने जमीन सौदे से की 58 करोड़ की अवैध कमाई

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी का बड़ा खुलासा



एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को बढ़ती कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सूत्रों का आरोप है कि उन्होंने गुरुग्राम में संदिग्ध जमीन लेनदेन के जरिए लगभग 58 करोड़ रुपये अवैध रूप से कमाए। जाँचकताओं के अनुसार, यह मुनाफा उनकी कंपनियों स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएचपीएल) और ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (बीबीटीपीएल) के जरिए भेजा गया और अपनी कंपनियों या अपने नाम पर आलीशान ज़िंदगी और संपत्ति खरीदने पर खर्च किया गया।

**15 और 16 अप्रैल, 2025 को पूछताछ के दौरान, वाड्रा ने कथित तौर पर सीधे जवाब देने से परहेज किया और इसके बजाय तीन मृत सहयोगियों - एचएल पाहवा, राजेश खुराना और महेश नागर पर ज़िम्मेदारी डाल दी, यह दावा करते हुए कि उन्होंने उनकी ओर से काम किया था। जब ईडी ने सबूत मांगे, तो वाड्रा कथित तौर पर कोई भी सहायक दस्तावेज पेश करने में विफल रहे।**

### मृत सहयोगियों पर दोष मढ़ना

15 और 16 अप्रैल, 2025 को पूछताछ के दौरान, वाड्रा ने कथित तौर पर सीधे जवाब देने से परहेज किया और इसके बजाय तीन मृत सहयोगियों - एचएल पाहवा, राजेश खुराना और महेश नागर पर ज़िम्मेदारी डाल दी, यह दावा करते हुए कि उन्होंने उनकी ओर से काम किया था। जब ईडी ने सबूत मांगे, तो वाड्रा कथित तौर पर कोई भी सहायक दस्तावेज पेश करने में विफल रहे।

### शिकोहपुर भूमि घोटाले के आरोप

यह मामला गुरुग्राम के शिकोहपुर गाँव में जमीन की खरीद, बिक्री और लाइसेंसिंग में कथित अनियमितताओं से उपजा है। सितंबर 2018 में हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी में वाड्रा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डीएलएफ लिमिटेड और ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। जाँचकर्ताओं का दावा है कि एसएलएचपीएल ने 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी जो उसकी वास्तविक कीमत का आधा है और 45 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी से बचने के लिए चेक द्वारा भुगतान की झूठी जानकारी दर्ज की, जिसे कभी भुनाया ही नहीं गया। यह जमीन कथित तौर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री से व्यावसायिक आवास लाइसेंस हासिल करने के बदले ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज को दी गई थी।

# अगला युद्ध जल्द हो सकता है :आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी

## हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी, ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने फ्रीहैंड दिया था

**उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार काम किया, पाकिस्तान हमारा एयर डिफेंस सिस्टम नहीं भेद पाया। हाल ही में खरीदे गए र-400 सिस्टम गेम-चेंजर रहे हैं। पाकिस्तान लंबी दूरी के ग्लाइड बम होने के बाद भी इनका इस्तेमाल नहीं कर पाया।**

एजेंसी



चेन्नई, भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा- अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही को भी हमारी चाल का नहीं पता था। जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को ककळ मद्रास में 'अग्निशोध'- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो आज सामने आया।

### 25 अप्रैल को प्लानिंग की, 29 अप्रैल को पीएम से मुलाकात हुई

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की प्लानिंग की, जिसमें हमने 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, इसमें कई आतंकी भी मारे गए। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है जिसने पूरे देश को प्रेरित किया। यही कारण है कि पूरा देश कह रहा था कि आपने इसे क्यों रोक दिया? यह सवाल पूछा जा रहा था और इसका भरपूर जवाब दिया गया है।

### क्या है 'अग्निशोध'

'अग्निशोध'- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल डिफेंस टेक्नोलॉजी में बड़ा कदम है। इसका मोटिव सैन्य कर्मियों को एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम कंप्यूटिंग, वायरलेस कम्युनिकेशन और अनमैन्ड सिस्टम जैसे एरिया में कुशल बनाना है। जिससे टेक्नोलॉजी की योग्यता रखने वाली फोर्स बनाई जा सके।

# सपा प्रमुख ने निर्वाचन आयोग पर भाजपा के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया

**सपा प्रमुख ने यह भी याद दिलाया कि पिछले चुनावों में, उनकी पार्टी ने निर्वाचन आयोग पर बिना किसी स्पष्टीकरण के सपा के 18,000 वोटों को हटाने का आरोप लगाया था, जबकि उन मतदाताओं ने पहले भी वोट दिया था।**




एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को निर्वाचन आयोग पर उत्तर प्रदेश के पिछले उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया। रक्षाबंधन मनाने के लिए परिवार के साथ अपने चाचा के घर पहुंचे यादव ने पत्रकारों से कहा कि निर्वाचन आयोग न्याय करेगा या नहीं, इस बारे में हमेशा चिंता रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुंदरकी, मीरापुर और विशेष रूप से अयोध्या समेत कुछ उपचुनावों में वोट चोरी एक छोटी सी बात थी, भाजपा के निर्देश पर निर्वाचन आयोग ने डकैती और वोटों का अपहरण किया। यादव ने दावा किया कि इन चुनावों के दौरान, प्रशासन ने पहले से तय कर रखा था कि कौन से अधिकारी ड्यूटी पर होंगे, कौन कितने वोट हासिल करेगा, और यहां तक कि लोगों को एक से ज्यादा बार वोट डालने की सुविधा भी दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया, हमारे पास ऐसे वीडियो थे जिनमें लोग छह-छह वोट डाल रहे थे। एक व्यक्ति अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाहर वोट करते हुए पकड़ा गया और मंत्री मतदान केंद्रों पर ही रुके हुए थे। सपा प्रमुख ने यह भी याद दिलाया कि पिछले चुनावों में, उनकी पार्टी ने निर्वाचन आयोग पर बिना किसी स्पष्टीकरण के सपा के 18,000 वोटों को हटाने का आरोप लगाया था, जबकि उन मतदाताओं ने पहले भी वोट दिया था।

# मसौदा मतदाता सूची में नाम शामिल न करने के कारणों को बताना जरूरी नहीं': ईसीआई ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

## बिहार की ड्राफ्ट मतदाता सूची से करीब 65 लाख नाम हटाए जाने पर याचिकाकर्ता ने पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया था.

**आयोग ने कहा कि याचिकाकर्ता का यह दावा गलत और निराधार है कि बिना कारण बताए, जिनके नाम ड्राफ्ट सूची से बाहर हैं, वे मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 (ईसीआई) के तहत उचित कार्रवाई नहीं कर पाएंगे. आयोग ने दूसरा तर्क दिया कि फएफ 1960 के नियम 19 के तहत, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईसीआई) को हर दावे और आपत्ति की सुनवाई के लिए नोटिस देना जरूरी है, जो नियम 17 और 18 के अनुसार निपटाए नहीं गए हों.**

एजेंसी

नई दिल्लीः चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि बिहार में चल रहे विशेष गहन संशोधन के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल न किए गए लोगों की अलग से सूची तैयार करना या साझा करना, या फिर उनके नाम न शामिल करने के कारण बताना कानूनी ढांचे में जरूरी नहीं है. आयोग ने यह जवाब बिहार की मतदाता सूची से करीब 65 लाख नाम हटाए जाने पर याचिकाकर्ता ने पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया था. आयोग ने कहा कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में किसी का नाम शामिल करने के लिए कोई जांच नहीं की जाती. जिन लोगों के गणना



फॉर्म मिले हैं, उनका नाम बिना किसी शर्त या अपवाद के ड्राफ्ट सूची में शामिल किया गया है. आयोग ने बताया कि जिन लोगों का नाम 1 अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में किसी कारण से नहीं है, वे 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक दावे और आपत्ति की अवधि में फॉर्म 6 के साथ रकफ आदेश के अनुबंध-ऊ में दी गई घोषणा दाखिल करके अपने नाम को सूची में शामिल करने का दावा कर सकते हैं. आयोग ने कहा कि अगर किसी का नाम गणना फॉर्म न मिलने की वजह से ड्राफ्ट सूची में नहीं है, तो फॉर्म 6 के साथ घोषणा दाखिल करने का मतलब है कि वह व्यक्ति न तो मृत है, न ही स्थायी रूप से कहीं और चला गया है और न ही उसका पता नहीं चल रहा. इसलिए, नाम न शामिल होने के कारणों के साथ सूची देने का कोई व्यावहारिक फायदा नहीं है, क्योंकि सभी तीन मामलों में प्रक्रिया एक ही है-फॉर्म 6 और घोषणा दाखिल करना. आयोग ने यह भी कहा कि ड्राफ्ट मतदाता सूची से नाम बाहर होना, मतदाता सूची से हटाना नहीं है. ड्राफ्ट सूची बस यह दिखाती है कि मौजूदा मतदाताओं के भरे हुए गणना फॉर्म गणना के दौरान प्राप्त हुए हैं. लेकिन, इस बड़े पैमाने की प्रक्रिया में मानवीय गलतियों की वजह से कुछ नाम छूट सकते हैं या गलत शामिल हो सकते है. आयोग ने कहा कि अगर एफड को लगता है कि गलती या चूक की वजह से किसी मतदाता का नाम ड्राफ्ट सूची से छूट गया है

## संक्षेप

### बस की चपेट में आये युवक की मौत

**अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर पेट्रोल पंप से लौटते समय हुआ हादसा, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल**

सुलतानपुर, कूरेभार थाना क्षेत्र के सिद्दीगनेशपुर के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पेट्रोल पंप से लौट रहे दो युवक रोडवेज बस की चपेट में आ गए। हादसे में कूरेभार कस्बे के लक्ष्मी मार्केट निवासी गणेश कुमार (25) और हरिनाम गांव निवासी अनिकेश वर्मा (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पहले कूरेभार अस्पताल ले जाया गया। वहां हालत नाजुक देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान गणेश कुमार की मौत हो गई। अनिकेश वर्मा का मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में इलाज जारी है। गणेश अपने परिवार का मुख्य सहारा था। वह चार भाइयों में दूसरे नंबर का था और दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। गणेश की मौत की खबर से उसके घर में कोहराम मच गया है। उसकी मां माला देवी और अन्य परिजन शोक में डूबे हैं। घटना के बाद पुलिस ने रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हाईवे पर दवा से भरा कंटेनर पलटा

**पंजाब से कोलकाता जा रहा था वाहन, चालक को मामूली चोटें आईं**

सुलतानपुर, लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर एक बड़ा हादसा हुआ। कोतवाली देहात क्षेत्र के मनिकापुर परासिन गांव के पास पंजाब से कोलकाता जा रहा दवाओं से भरा कंटेनर पलट गया। यह हादसा हुआ। कंटेनर पंजाब से दवाएं लेकर कोलकाता जा रहा था। पीछे से आ रहे वाहन को साइड देने के प्रयास में कंटेनर अनियंत्रित हो गया। इसके बाद वह सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। इस दुर्घटना में कंटेनर चालक शाहनवाज (40) और खलासी मुजम्मिल हुसैन (35) को मामूली चोटें आईं। दोनों मुरादाबाद के रहने वाले हैं।

### फूलन देवी जयंती समारोह

**पूर्व विधायक ने कादीपुर स्थित कैंप कार्यालय पर मनाया कार्यक्रम, ग्रामीण रहे मौजूद**

सुलतानपुर, समाजवादी पार्टी के कादीपुर स्थित कैंप कार्यालय में पूर्व विधायक भागेलू राम के आवास पर वीरांगना फूलन देवी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक भागेलू राम ने अपने वक्तव्य में कहा कि फूलन देवी का पूरा जीवन संघर्ष और कठिनाइयों में बीता। उन्होंने बताया कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को दो बार सांसद बनाकर सामाजिक सम्मान दिलाया। कार्यक्रम में कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रणजीत यादव रंजू, मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम सूरत प्रजापति, पूर्व महासचिव अलीम राईन एडवोकेट और पूर्व अध्यक्ष सीताराम यादव उपस्थित थे।

# नाबालिग लड़की का अपहरण

**पीड़िता का भाई बोला- आरोपी जमानत पर जेल से छूटा है, बहन को बहला-फुसलाकर ले गया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के भारतगंज कस्बे में एक नाबालिग लड़की का अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़िता के भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, मिर्जापुर जनपद के भंटवा पोखरी निवासी इरफान मंसूरी उर्फ अज्जू, मोहम्मद इमरान, जुबैदा और भारतगंज का रहने वाला रोज मोहम्मद उर्फ राज मोहम्मद ने 30 जून 2025 को उसकी नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है कि वे लड़की को किसी एकांत स्थान पर छिपाकर रखे हुए हैं। पीड़ित परिवार ने काफी खोजबीन के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी इरफान मंसूरी ने उनकी बहन का अपहरण किया था। इस मामले में वह दस महीने तक नैनी जेल में रहा था और अभी जमानत पर बाहर है। मांडा थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों को पकड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार के अनुसार, पहले भी आरोपियों ने नाबालिग लड़की का अपहरण किया था और उसे दस महीने तक बाहर रखा था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लेकिन जेल से बाहर आते ही आरोपियों ने दोबारा लड़की का अपहरण कर लिया है।

## एआईएमआईएम पंचायत चुनाव की रणनीति तेज

**महानगर अध्यक्ष ने बैठक कर कार्यकताओं में भरा उत्साह**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने अपने जनाधार को मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। प्रयागराज में हंडिया के अंजना सैदाबाद विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ी सभा का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वांचल अध्यक्ष इसरार अहमद ने की। सभा का मुख्य उद्देश्य आगामी जिला पंचायत चुनावों के लिए समर्थन जुटाना और पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करना था। सभा में हंडिया सैदाबाद ब्लॉक के जिला पंचायत सदस्य जीशान रहमानी ने भी अपने निर्वाचन के लिए आवेदन किया। जिससे पार्टी का समर्थन और भरोसा नजर आया।

# बाढ़ से बरहाकला के 50 घर ढहे

**ग्रामीण तंबू में रहने को मजबूर, हजारों बीघा फसल बर्बाद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज , प्रयागराज के मेजा तहसील के बरहा कला गांव में 17 हजार की आबादी इन दिनों बाढ़ जैसे हालात से जूझ रही है। पहाड़ी इलाकों से आ रहा पानी गांव को चारों तरफ से घेर चुका है और लोगों की जिंदगी मुश्किल में डाल दी है। पानी घरों में घुस आया, जिससे दर्जनों परिवारों को रातों-रात घर छोड़ना पड़ा। अब तक 50 से ज्यादा घर पूरी तरह ढह चुके हैं, जबकि 33 घरों में पानी भरने से सुबह ग्रामीणों को पलायन करना पड़ा। परेशान ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला और डीएम से मदद की अपील की। ग्राम प्रधान ने की ग्रामीणों की मदद गांव के प्रधान राजेश्वर यादव मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों का सामान निकलवाकर अस्थाई ठिकानों तक भेजवाया। अब ये परिवार पन्नी के तंबू और पंडालों में रहने को मजबूर हैं। बाढ़ ने हजारों बीघा फसल भी बर्बाद कर दी है। पहले से फसल की चिंता में डूबे किसान अब घर-परिवार की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सांसद, विधायक और डीएम से शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लेखपाल को निरीक्षण के लिए भेजा गया वहीं, मेजा के एसडीएम सुरेंद्र प्रताप यादव का कहना है कि स्थानीय लेखपाल को निरीक्षण के लिए भेजा गया है।

जिन घरों में पानी घुसा है, वहां अस्थाई रहने की सुविधा दी जा रही है। बाढ़ प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद देने का आश्वासन भी उन्होंने दिया।

# युवक ने की आत्महत्या

**हलियापुर के बाग में पेड़ से लटका मिला शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुल्तानपुर, सुल्तानपुर के हलियापुर थाना क्षेत्र में एक बाग में महुवा के पेड़ से लटकी एक युवक की लाश मिली है। मृतक की पहचान कानपुर देहात के मंगलपुरा निवासी 25 वर्षीय सुनील नायक के रूप में हुई है। हलियापुर पुलिस को सूचना मिली कि थाना के नजदीक सराय बग्घा के बाग में एक महुवा के पेड़ पर लाश लटकी हुई है। सूचना पर थानाध्यक्ष हलियापुर तरुण पटेल तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाया। मृतक के पॉकेट से एक मोबाइल फोन मिला। इस फोन से नंबर डायल करने पर युवक की पहचान हो सकी। सुनील हलियापुर क्षेत्र में कूरेभार मोड़ पर किराए का कमरा लेकर अपने साथियों के साथ रहता था। वह लेडीज सौंदर्य प्रसाधन सामान को गांव-गांव में फेरी लगाकर बेचने का काम करता था। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस चौकी पर ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक

**कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चर्चा; सीसीटीवी लगाने की अपील**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, परतोष पुलिस चौकी पर रविवार को बरसात के मौसम में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। मुंशीगंज प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने इस बैठक में ग्राम प्रधानों और स्थानीय लोगों के साथ कानून व्यवस्था को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बरसात के मौसम में चोरी और पशु तस्करी जैसी घटनाओं में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने गांव स्तर पर सुरक्षा समिति बनाने का सुझाव दिया। इन समितियों का उद्देश्य छोटे-मोटे विवादों को स्थानीय स्तर पर ही सुलझाना और आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखना है। प्रभारी ने ग्राम प्रधानों से गांव के चौराहों और कस्बों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। आगामी स्वतंत्रता दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी के त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में ग्रामीणों से अनुरोध किया गया कि वे किसी भी अपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव भी सामने आए।

बैठक में चौकी प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, हेड कॉन्स्टेबल दिलीप के अलावा प्रधान प्रतिनिधि सोनू यादव, रामेंद्र जायसवाल, उदयभान सिंह (पिंटू), अशोक पाण्डेय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकताओं ने निकाली बाइक तिरंगा यात्रा

**सदर विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, गूंजे देशभक्ति के नारे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, मोतिगरपुर में देश की आजादी के 79वें वर्ष पर भाजपा कार्यकताओं ने बाइक तिरंगा यात्रा निकाली। मोतिगरपुर मंडल अध्यक्ष विनय कुमार प्रजापति की अगुवाई में यह यात्रा घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए आयोजित की गई। मोतिगरपुर-लंभुआ मार्ग स्थित जगरानी हॉस्पिटल के सामने बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रीय युवा बाइक लेकर एकत्र हुए। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय और ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर चंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। करीब 9 किमी लंबी यह यात्रा जगरानी हॉस्पिटल से शुरू होकर मोतिगरपुर, शाहपुर लपटा, गौरा, दियरा चौराहा, दियरा बाजार, कोड़रिया से बेलवारी होते हुए जगरानी हॉस्पिटल पर वापस पहुँचकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और देशभक्ति के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा, तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। आजादी का यह पर्व हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की नई ऊर्जा भरता है।

# विश्व हिन्दू परिषद ने मनाया अखंड भारत दिवस

**भेंटुआ में कार्यकताओं ने लिया देश की अखंडता का संकल्प, पुनर्जनन पर दिया जोर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, भेंटुआ प्रखंड में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रखंड अध्यक्ष उदयभान सिंह (पिंटू) के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने अखंड भारत के गौरवशाली इतिहास को याद किया। कार्यकताओं ने देश की अखंडता और हिन्दू संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभाग सहमंत्री भूपेंद्र नाथ सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में अखंड भारत के विचार के पुनर्जनन पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने हिन्दू समाज की एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रखंड भेंटुआ की पूरी टीम मौजूद रही। इसमें उपाध्यक्ष विजय सिंह और वंशराज सिंह शामिल थे। मंत्री राकेश चतुर्वेदी, सहमंत्री मिट्ठूलाल गौतम और सौरभ प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। बजरंग दल संयोजक गिरीश सिंह, बजरंग दल सहसंयोजक चन्द्रभान पाल और रणंजय सिंह ने भी भाग लिया। गौ रक्षा प्रमुख सूर्यकांत त्रिपाठी, सत्संग प्रमुख राम कुमार कश्यप, मातृ शक्ति संयोजिका ऊषा देवी और दुर्गा वाहिनी संयोजिका निधि द्विवेदी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। सभी ने अखंड भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन को मजबूत करने का प्रण दोहराया।

# पत्नी ने पति को नशीला पदार्थ खिलाकर किया हमला

**चाकुओं से गोदा और प्राइवेट पार्ट काटा, एम्स रायबरेली में इलाज जारी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के कचनाव गांव में पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दूसरी पत्नी ने अपने पति पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के अनुसार, अंसार अहमद ने दो शादियां की थीं। उनकी पहली पत्नी सबीतुल इटौजा, अयोध्या जिले की रहने वाली है। दूसरी पत्नी नाजनीन बानो हारीमऊ, थाना जगदीशपुर की निवासी है। दो शादियों के कारण घर में अक्सर विवाद होता था। नाजनीन घर पहुंची और एक बार फिर विवाद शुरू हो गया। सुबह लगभग 3 बजे नाजनीन ने अंसार को नशीला पदार्थ खिला दिया। जब वह बेहोश होने लगा, तब उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला किया और उसके प्राइवेट पार्ट को काटकर भागने लगी। परिजनों ने भागती हुई नाजनीन का काफी दूर तक पीछा किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आई। गंभीर रूप से घायल अंसार को परिजन जगदीशपुर ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे। वहां से उसकी नाजुक स्थिति देखते हुए उसे एम्स रायबरेली रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपी पत्नी नाजनीन को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ शुरू कर दी है। प्रभारी थानाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि आरोपी पत्नी से पूछताछ की जा रही है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। अंसार ने इसी साल मार्च में दूसरी पत्नी नाजनीन से शादी की थी। उसकी पहली शादी 14 साल पहले हुई थी, लेकिन संतान न होने पर पहली पत्नी के कहने पर ही उसने दूसरी शादी की। शादी के बाद नाजनीन पहली पत्नी को तलाक देने का दबाव बनाने लगी, जिस पर अंसार का कहना था कि चूंकि यह शादी पहली पत्नी की इच्छा से हुई है, इसलिए वह उसे तलाक नहीं देगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद रहता था।

दोनों पत्नियों से उसे कोई संतान नहीं थी। अंसारी परदेश में कमाता है और घटना के समय पहली पत्नी मायके में थी। वारदात के दौरान घर में मौजूद अन्य परिजनों ने अंसारी को तुरंत जगदीशपुर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। आरोपी पत्नी नाजनीन इसी थाना क्षेत्र के हारीमऊ गांव की रहने वाली है, जबकि दोनों के घरों की दूरी करीब 60 किलोमीटर है।

# अलीगढ़ में लोगों ने किया प्रदर्शन

**कूड़ा उठने में देरी और गंदगी पर जताया विरोध**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, मथुरा रोड पर लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। रविवार को भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग सड़क पर आ गए जाम लगा दिया। नगर निगम और मेयर के खिलाफ लोगों ने नारेबाजी की। नगर आयुक्त होश में आओ, नगर निगम हाय हाय के नारे लगाए। आरोप है कि एटू जेड प्लांट से उठने वाली बदबू से सांस लेने में लोगों को परेशानी हो रही है। इसकी कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनाई नहीं हुई। हंगामा और रोड जाम की सूचना पर सीओ, सहायक नगर आयुक्त पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए । बता दें कि सासनीगेट थाना इलाके के मथुरा रोड़ पर एटू जेड का प्लांट है। इसमें शहर भर से आने वाला कूड़ा एकत्र किया जाता है। प्रतिदिन लगभग 550 मीट्रिक टन कूड़ा शहर से उठता है। जबकि प्लांट में 100 से 150 मीट्रिक टन कूड़ा का निस्तारण होता है। बाकी कूड़ा इसी प्लांट में डंप किया जाता है। जिसके चलते यहां कूड़े का पहाड़ बन गया है। उधर, प्रदर्शन करने वाले लोगों ने शहर में पिछले कई दिनों से बारिश के बाद धूप निकल रही है ।

# शादी का दबाव बनाने पर प्रेमिका का कत्ल किया

**मथुरा में प्रेमी ने रस्सी से गला घोटा, नहर में शव फेंका; दोस्त ने साथ दिया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, एक महिला की शादी की जिद उसके लिए घातक साबित हुई। प्रेमी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर महिला की हत्या कर दी और शव को नहर किनारे फेंक दिया। पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। राया थाना क्षेत्र में 7 अगस्त को मांट ब्रांच गंग नहर नगला विजय के पास एक अज्ञात महिला का शव मिला था। शव पर चोट के निशान थे। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर पहचान के प्रयास शुरू किए। शनिवार को मृतका की पहचान बरखा पत्नी वेद प्रकाश निवासी हाईवे मथुरा के रूप में हुई।

# 3 युवक असलहा सहित गिरफ्तार

**फर्जी नंबर प्लेट वाली कार, तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, थाना बाजार शुकुल पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से फर्जी नंबर प्लेट वाली कार, देशी तमंचा, कारतूस, चाकू और लोहे की रॉड बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ राजा (25), फईम (25) और अमन शर्मा (19) के रूप में हुई है। शैलेन्द्र मोहनगंज थाना क्षेत्र के पूरे रामसिंह मजरे मिर्जागढ़ का रहने वाला है। फईम जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खैरातपुर का निवासी है। अमन शर्मा मोहनगंज थाना क्षेत्र के मिर्जीगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने इन्हें रानीगंज रोड पर जगदीशपुर महोना मोड़ के पास पुलिया के निकट ग्राम पूरे रग्घूशुक्ल मजरे मयैया रहमतगढ़ से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से एक फर्जी नंबर प्लेट वाली कार, एक देशी तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक चाकू और तीन लोहे की रॉड बरामद हुई। इस मामले में थाना बाजारशुकुल में मुकदमा संख्या 228/2025 के तहत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। जहां से उसे जेल भेज दिया।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी